संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 138 शनिवार 22 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

**राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह का वादा**

# 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा भारत

**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।** गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि देश में जो काम अब तक नहीं हुए थे, वो काम पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने किए हैं। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म करना उनकी सरकार का लक्ष्य है।

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार (21 मार्च) को राज्यसभा को संबोधित किया। गृह मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 साल में वो काम हुए हैं, जो आजादी के बाद से अब तक नहीं हुए थे। इस बीच गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का वादा किया। उन्होंने पुरानी घटना याद करते हुए कहा कि एक समय पर उन्हें लाल चौक पर तिरंगा फहराने की अनुमति नहीं मिली थी, लेकिन बीजेपी की सरकार आने के बाद से हर साल लाल चौक पर तिरंगा फहराया जाता है। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह फैसला वोट बैंक के लिए नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और एकता के लिए लिया गया था। मोदी सरकार ने कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने का काम किया है।



## गृह मंत्रालय में बदलाव पर क्या कहा?

अमित शाह ने कहा,एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है। सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है। यह एक सही निर्णय है। इसमें कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन जब कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों की है, तो 76 साल बाद अब ऐसी स्थिति है कि कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं रह गए हैं, वे अंतरराज्यीय भी हैं और बहुराज्यीय भी हैं -जैसे नारकोटिक्स, साइबर अपराध, संगठित अपराध गिरोह, हवाला। ये सभी अपराध सिर्फ एक राज्य के भीतर नहीं होते हैं। देश में कई अपराध देश के बाहर से भी होते हैं। इसलिए इन सबको ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। मैं यह गर्व के साथ कहता हूं कि 10 साल में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय में लंबे समय से लंबित बदलाव एक बार में किए हैं।

राज्यसभा में बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 21 सदस्यों ने यहां अपने विचार प्रस्तुत किए। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। अमित शाह ने कहा कि पिछली सरकार भ्रष्टाचार रोकना ही नहीं चाहती थी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं।

### इस साल कितने नक्सली ढेर?

गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था,1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं,जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार,सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

### आतंकवाद पर क्या बोले?

आतंकवाद और जम्मू कश्मीर को लेकर अमित शाह ने कहा, ''मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है। पहले आतंकी हमलों के बाद कोई कार्रवाई नहीं होती थी और लोग उन्हें भूल जाते थे। उरी और पुलवामा में भी आतंकी हमले हुए लेकिन हमने 10 दिन के भीतर ही पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की।'' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 2019-24 के दौरान 40,000 सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं, 1.51 लाख स्वरोजगार सृजित हुए, इसी दौरान कौशल क्लब भी चालू किए गए। मोदी सरकार के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों में 70 प्रतिशत की कमी आई। इस दौरान आतंकवादी घटनाओं में भी भारी गिरावट आई। यहां आतंकवादी घटनाओं की संख्या 2004 और 2014 के बीच 7,217 से घटकर 2,242 (2014 और 2024 के बीच) हो गयी। उन्होंने कहा 5 अगस्त 2019 को पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। अनुच्छेद 370 को निरस्त करके मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के एक संविधान, एक झंडा के सपने को पूरा किया। देश में एक ही प्रधानमंत्री, एक संविधान और एक झंडा हो सकता है।

## नक्सलवाद खत्म करने का वादा

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में वादा किया कि 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद राजनीतिक समस्या नहीं है। इसे खत्म करना जरूरी है और एक साल के अंदर भारत सरकार इसे खत्म करके रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास कर रही है, ताकि वहां के लोग मुख्य धारा के साथ जुड़ सकें। अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर की समस्या भी खत्म होने की कगार पर है, देश में हिंसक घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है।



**महत्वपूर्ण खबर**

## सीएम नीतीश कुमार की हरकतों से बिहार शर्मसार हो रहाःरणविजय साहू



**पटना,21 मार्च 2025 (ए)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान सीएम साथ खड़े अधिकारी से बात करते और हंसते दिख रहे हैं। इस घटना के बाद राजद विधायक रणविजय साहू ने उन पर कटाक्ष किया है। राष्ट्रगान के दौरान सीएम नीतीश कुमार के व्यवहार पर राजद विधायक रणविजय साहू ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रगान के दौरान सीएम की हरकतों से बिहार ही नहीं, देश भी शर्मसार हो रहा है। बिहार और देश पूछ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहां हैं? पीएम मोदी के लाडले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है।

## घर से बुलाकर दो युवकों को गोलियों से भून डाला



» डबल मर्डर के बाद लोगों में गुस्सा

» पुलिस से हुई नोकझोंक

**गाजीपुर,21 मार्च 2025 (ए)।** यूपी के गाजीपुर में एक बार फिर शुक्रवार को गोलियां तड़तड़ाईं। घर से बुलाकर दो युवकों को मौत के घाट उतार दिया गया। घटना खानपुर थाना क्षेत्र के उचौरी गांव के मलदहिया बगीचे के पास सुबह करीब साढ़े 11 बजे हुई। गोली की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि बगीचे में दो युवक मृत पड़े हैं। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही सैदपुर और खानपुर थाने की फोर्स भी मौके पर पहुंची। मौके से पिस्टल के तीन खोखे बरामद किए गए हैं। शव को कब्जे में लेने में पुलिस को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परिजन और ग्रामीण मौके पर डीएम को बुलाने की मांग करते हुए एंबुलेंस के आगे खड़े हो गए। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाबुझाकर शांत किया।

# जज के घर आग से खुला काले धन का राज

» कैश से भरा मिला कमरा

» सीजेआई ने तुरंत लिया सख्त फैसला



**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।**दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के बाद भारी मात्रा में नकदी बरामद होने से न्यायपालिका में हड़कंप मच गया। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले कॉलेजियम को उन्हें तत्काल स्थानांतरित करने का फैसला लेना पड़ा।

रिपोर्ट के मुताबिक जब आग लगी, उस समय न्यायमूर्ति वर्मा शहर से बाहर थे। उनके परिवार के सदस्यों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान एक कमरे में भारी मात्रा में नकदी बरामद की, जिसके बाद इस मामले की आधिकारिक एंट्री दर्ज की गई। स्थानीय पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद यह खबर सरकार के उच्च अधिकारियों तक पहुंची और अंततः सीजेआई को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सीजेआई संजीव खन्ना ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक बुलाई। कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट, इलाहाबाद स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट में भेजा गया था।

कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि केवल स्थानांतरण कर दिया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की छवि धूमिल होगी और न्याय व्यवस्था से जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है। कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि न्यायमूर्ति वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। यदि वे इनकार करते हैं, तो संसद के माध्यम से उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार,अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, सीजेआई पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो सीजेआई सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं।

### जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का विरोध,कहा...हम कूड़ेदान नहीं हैं...



दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर किए जाने के फैसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस वर्मा का नाम उस समय चर्चा में आया जब उनके निवास पर आग लगने के बाद 15 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि ÷हम कूड़ेदान नहीं हैं÷ और भ्रष्टाचार किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## भारतीय रेलवे की नई व्यवस्था

### 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं,वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को निचली बर्थ मिलेगी

**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।** भारतीय रेलवे ने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों की यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की है। रेलवे बोर्ड के अनुसार, अब इन यात्रियों को लोअर बर्थ (निचली सीट) प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जानकारी दी।

**क्या है रेलवे के नए नियम**

**स्वचालित आवंटन:** 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं को, यदि वे विशेष रूप से बर्थ नहीं चुनते हैं, तो स्वचालित रूप से निचली बर्थ दी जाएगी, बशर्ते कि सीट उपलब्ध हो।

**आरक्षित कोटा**

**स्लीपर क्लासः** प्रति कोच 6-7 निचली बर्थ

**एसी क्लासः** प्रति कोच 4-5 निचली बर्थ

**टू एसी:** प्रति कोच 3-4 निचली बर्थ

**दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था**

रेल मंत्री ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों के लिए सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में आरक्षण कोटा लागू रहेगा, जिसमें राजधानी और शताब्दी जैसी ट्रेनें भी शामिल हैं। यह सुविधा उन यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगी, जो किराए में छूट का लाभ नहीं ले रहे हैं।

**स्लीपर क्लासः** 4 बर्थ (2 निचली बर्थ सहित)

**थर्ड एसी/थर्ड एसी इकोनॉमी:** 4 बर्थ (निचली बर्थ सहित)

रिजर्व सेकेंड सिटिंग (2एस) और एसी चेयर कार (सीसी) 4 सीटें

**यात्रा के दौरान पुनः आवंटन सुविधा**

यदि यात्रा के दौरान कोई निचली बर्थ खाली रहती है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिकों,दिव्यांग यात्रियों और गर्भवती महिलाओं को आवंटित किया जाएगा,जिन्हें पहले मिडिल या अपर बर्थ मिली थी।

# आप पार्टी में हुआ बड़ा बदलाव

» पीएसी बैठक के बाद केजरीवाल का फैसला

» सौरभ भारद्वाज बने दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष




**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।** आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल एक्शन कमेटी की बैठक के बाद संगठन में बड़े फेरबदल की घोषणा हुई है। बैठक के बाद संदीप पाठक ने बताया कि दिल्ली में गोपाल राय की जगह सौरभ भारद्वाज को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में महराज मालिक को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मनीष सिसोदिया को पंजाब और गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी नियुक्त किया गया। चार राज्यों में प्रभारी और दो राज्यों में नए अध्यक्षों को मंजूरी मिली।

संदीप पाठक ने कहा कि बैठक में पीएम के दिल्ली चुनावी वादों- 2500 रुपये और होली-दीपावली पर मुफ्त सिलेंडर-पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम के वादे झूठे हैं, जबकि आप अपने वादे पूरे करती है।

**2 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष को मंजूरी**

**दिल्ली प्रदेश अध्यक्षः** सौरभ भारद्वाज

जम्मू कश्मीर

**प्रदेश अध्यक्षः** महराज मालिक

**गुजरात प्रभारीः** गोपाल राय,

**सह प्रभारीः** दुर्गेश पाठक

**गोवा प्रभारीः** पंकज गुप्ता

**पंजाब प्रभारीः मनीष** सिसोदिया,

**सह प्रभारीः** सतेंद्र जैन

**छत्तीसगढ़ प्रभारीः** संदीप पाठक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद यह आप की पहली पीएसी बैठक थी, जो केजरीवाल के घर पर हुई। हार के बाद से कम सक्रिय दिख रहे केजरीवाल ने इस फैसले से फिर सुर्खियां बटोरीं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में बड़े बदलाव के संकेत पहले से थे। अब सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में दिल्ली में आप की नई रणनीति पर सबकी नजर रहेगी।



## आरएसएस के मंच पर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी...

**बेंगलुरु,21 मार्च 2025 (ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 3 दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। बैठक के शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, तबला वादक जाकिर हुसैन,प्रीतीश नंदी सहित संघ के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई। संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है।

**परिसीमन को लेकर आरएसएस का बड़ा बयान...**

## हमारा इसमें कोई दखल नहीं



**बेंगलुरु,21 मार्च 2025 (ए)।** देश की राजनीति में एक बड़ी बहस परिसीमन को लेकर भी चल रही है। दक्षिण के राज्यों ने बार-बार इस बात की चिंता जताई है कि अगले परिसीमन के बाद दक्षिण के राज्यों की सीटें कम हो सकती हैं। लेकिन इस बीच बीजेपी की मातृ संस्था कहे जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इस मामले में बड़ा बयान सामने आया है।आरएसएस के संयुक्त महासचिव सीआर मुकुंद ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या को बढ़ाने या इस बारे में कोई भी फैसला केंद्र सरकार को लेना है और आरएसएस का इस मामले में कोई दखल नहीं है। उन्होंने उत्तर-दक्षिण की बहस को राजनीति से प्रेरित करार दिया।

## मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास 2 साल 8 महीने बाद जेल से रिहा,सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी शुक्रवार को 2 साल 8 महीने का समय जेल में बिताने के बाद रिहा हो गए। उन्हें सात मार्च को सुप्रीम कोर्ट से कई शर्तों के साथ जमानत मिली थी, जिसके बाद कोर्ट का आदेश करीब 15 दिनों बाद कासगंज जेल पहुंचा और उनकी रिहाई संभव हो सकी।

अब्बास अंसारी की रिहाई उनके परिवार के लिए ईद से पहले एक बड़ी खुशी लेकर आई है। रमजान के पवित्र महीने में जुमे के दिन उनकी रिहाई को उनके समर्थक ईश्वर की कृपा मान रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में रहने का निर्देश दिया है।

# भारत में आई वजन कम करने वाली दवा

**मोटापा होगा छूमंतर,सीडीएससीओ ने दी मंजूरी**



**नई दिल्ली,21 मार्च 2025 (ए)।** मोटापे से परेशाने भारतीयों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिकी दवा निर्माता एली लिली एंड कंपनी ने गुरुवार को भारत में अपनी वजन घटाने की दवा मौंजारो लॉन्च कर दी है। पश्चिमी देशों में यह दवा पहले से ही व्यापक स्तर पर बिक रही है।

# संपादकीय

## मुठभेड़ों पर न्याय पालिका ने भी की आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की। छह दिन बाद एक मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उलटे सरकार एनकाउंटर करने वालों को पुरस्कार देती रही है। आरोप है कि यूपी सरकार ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना रखा है और वह बेहिचक इसको आगे बढ़ा रही है।

विश्व जल दिवस पर विशेष

# सूने हैं पनघट और प्यासे हैं पोखर-ताल



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश



संस्कृत वांग्मय का आंगन जल-महात्म्य के श्लोंको-ऋचाओं से परिपूर्ण है। आपः वंदे मातरम् कह कर प्राणिमात्र के पोषण के लिए जल को माता की भूमिका में स्वीकार कर श्रद्धा एवं सम्मान अर्पित किया गया है। लोक जीवन में जल वरुण देवता के रूप में पूजित एवं अर्चित हैं। हिंदू परम्परा में जन्म से मृत्यु पर्यंत समस्त कर्मकाण्ड जल के सान्निध्य में ही सम्पन्न होते हैं। नव प्रसूता द्वारा कुआं पूजन की रस्म इसी रीति का आवश्यक अंग बनकर जीवन के सर्वांगीण विकास में जल की उपयोगिता पर लोक की ललित छाप ही है। किसी अनुष्ठान हेतु उद्यत यजमान हथेली में कुश, अक्षत और जल लेकर ही संकल्पबद्ध होता है। तो सरिता एवं सरोवरों में स्नानोपरांत अंजुलि में जल लेकर सूर्य को अर्पित कर लोक के योगक्षेम की कामना के मनोहारी दृश्य भी दिखते हैं। संस्कृत काव्य का प्रथम छंद प्रवाहित सरिता-नीर के जल मध्य ही ऋषि वाल्मीकि के मुख से उच्चरित हुआ था। जल का अर्घ्य देकर ही देवता और अतिथि के अर्चन, वंदन एवं सत्कार करने की हमारी शाश्वत परम्परा अनवरत् गतिमान है। जल ही रक्त का रूप धारण कर हमारी देह में दौड़ रहा है। जल जीवन का पर्याय है, जल मानवीय अस्तित्व,अस्मिता और गौरव का आधार है। जल मर्यादा का बिम्ब बनकर उभरा तो पौरुष,शौर्य और पराक्रम का सुदृढ़ स्तम्भ भी। तभी तो किसी के अमर्यादित कर्म पर कहा गया कि उसके आंख का पानी मर गया है और युद्ध के लिए एक-दूसरे को चुनौती देने में कहते हैं कि देह में पानी बचा हो तो मैदान में आओ। इतना ही नहीं,प्राणिमात्र की उत्पत्ति भी जल में ही हुई है। मानव सभ्यताएं जल के स्रोतों-संसाधनों के आसपास ही विकसित हुई,इसीलिए उन्हें नदी-घाटी सभ्यता कहा जाता है। पर अति आधुनिकता के दौर में भोगवादी पालने में बैठा मानव जल को केवल उपभोग की वस्तु समझ केवल वर्तमान जी रहा है। उसे बिल्कुल भान नहीं है कि उसके पैरों के नीचे की नमी सूख चुकी है। और यह नमी का सूखना दरअसल मानवीय संवेदनाओं और मूल्यों का सूखना-छीजना है। प्रकृति और मानव के परस्पर आत्मीय सम्बन्धों का निर्जल एवं रसहीन हो जाना है। ऐसे रसहीन जीवन में कुंठा,घृणा, हिंसा,अमानवीयता तो सम्भव है पर प्रेम,माधुर्य,सौहार्द,सौंदर्य,समता, सद्भाव,अहिंसा एवं शांति का अजस्र स्रोत सम्भव नहीं।

भले ही आज की पीढ़ी ने जल संसाधनों के संरक्षण एवं सम्वर्धन से दूरी बना मुंह मोड़ लिया हो पर हमारे पूर्वजों ने जल संसाधनों के रूप में कुंआ,तालाब,पोखर, बावड़ी आदि न केवल निर्मित किये बल्कि उनको समाज का एक जरूरी हिस्सा मानकर संवर्धन एवं संरक्षण के लगातार उपाय भी करते रहे हैं। इसीलिए तालाब-कुएं खुदवाना पुण्य का क्षेत्र माना गया और जो सामर्थ्यवान थे वे नैतिक दृष्टि से इस जल संरक्षण परम्परा को सहर्ष स्वीकारते भी रहे। जल स्रोतों को दूषित करना पाप कर्म समझा गया। नदी,सरोवर आदि के निकट भी गंदगी करना, साबुन से कपड़े धोना वर्जित था। नदियां मां समान थी, तभी श्रम क्लांत और आतप से तप्त देह शीतल सरिता जल में अवगाहन कर पुनःनवल ऊर्जा एवं उत्साह संजो लेती। तृषित पथिक पद प्रक्षालन कर थकान मिटा अंजुलि भर जल पान कर तृप्त हो स्वच्छ निर्मल जल के सतत प्रवाह की प्रभु से प्रार्थना करता। पर समय कहां ठहरता है। समय अपनी गति चलता रहा, पीढ़ियां बदलती रहीं और बदलती रही सोच,दृष्टि एवं जल-दर्शन की सांस्कृतिक परम्परा। फलतः जल के महात्म्य से दूरी बनी और एक संकट सामने उपस्थित हुआ। यह संकट मानव की भोगवादी एवं अप्राकृतिक जीवन शैली से उपजा है। संकट की विकरालता का ही परिणाम है कि सम्पूर्ण विश्व में जल के प्रति जागरूकता, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ को विश्व जल दिवस मनाने की घोषणा करनी पड़ी।

विश्व के सामने एक गंभीर समस्या के रूप में उपस्थित जल संकट के प्रति हम जागरूक होकर जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने की बजाय पानी की बर्बादी और संसाधनों को नष्ट होते देख रहे हैं, मौन हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक आंकड़े के अनुसार 3-4 अरब लोग प्रत्येक वर्ष एक महीने के लिए पानी की उपलब्धता की भारी कमी से गुजरते हैं। विश्व के सभी देशों में सभी नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, जल संरक्षण के महत्व पर जागरुकता का प्रसार करने और जल के समुचित उपयोग करने के लिए 1992 में रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण एवं विकास विषय पर आयोजित सम्मेलन में विश्व जल दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। 1993 में पहली बार विश्व जल दिवस मना कर संपूर्ण विश्व का ध्यान इस गंभीर संकट की ओर खींचा गया। तब से प्रत्येक वर्ष एक थीम आधारित आयोजन पूरे विश्व में सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर संपन्न किए जाते हैं,जिसमें स्कूल-कॉलेज में जल संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा वाद-विवाद, भाषण,परिचर्चा, चित्र बनाना, पोस्टर निर्माण एवं वृत्त चित्र के द्वारा आम जन को जल के भयावह संकट से परिचित कराने का प्रयास किया जाता है। उल्लेखनीय है कि हमारी पृथ्वी का तीन-चौथाई भाग जल से ढका हुआ है। धरती पर उपलब्ध जल का 99 प्रतिशत सागर एवं महासागरों में है। केवल एक प्रतिशत जल ही उपयोग को उपलब्ध है। जिसका लगभग 75 प्रतिशत भाग पहाड़ों की चोटियों और ग्लेशियरों में बर्फ के रूप में जमा हुआ है। केवल चौथाई हिस्से का उपयोग ही सम्भव है जिसे कृषि, उद्योग, बागवानी, पशुपालन एवं मानव के दैनंदिन कार्य व्यवहार में उपयोग किया जाता है। जल दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक विश्व जल विकास रिपोर्ट जारी की जाती है जिसमें विभिन्न देशों में जल के संसाधनों,नागरिकों तक की जल की उपलब्धता, घटते भूजल के स्तर और किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख होता है। 2025 की थीम ग्लेसियर संरक्षण है, ग्लेसियर ही नदियों के मायके हैं।

आज मानव के अविवेकी उपभोग के कारण प्रति वर्ष भूजल का स्तर एक मीटर नीचे गिर रहा है। सबमर्सिबल पम्पों के अत्यधिक प्रयोग और धरा गर्भ से अनवरत निरर्थक पानी निकासी,कार,बाईक आदि वाहनों एवं सड़क की धुलाई करने, जल आपूर्ति के पाइपों में लगातार लीकेज होने,नदियों में अशोधित घरेलू प्रयुक्त जल के मिलने,कूड़ा- कचरे का नदियों-सरोवरों में उड़ेलने शहरीकरण एवं कंक्रीट की चादर बिछाते जाने से वर्षा जल का धरती की कोख में न समाकर व्यर्थ बह जाने,विभिन्न उद्योगों में प्रचुरता से प्रयोग करने आदि से यह संकट उपजा है।

जल संरक्षण के लिए जरूरी है कि हमारे मन में जल के प्रति श्रद्धा का भाव जगे। जल के प्राकृतिक संसाधनों नदियों, झीलों, झरनों के अस्तित्व की रक्षा की जाये,मृतप्राय कुंओं,तालाबों को जीवित कर नये तालाब निर्मित किये जायें। दैनंदिन जीवन में जल का उचित उपयोग करें और वर्षाजल के संचय हेतु उपाय किये जायें। बच्चों से संवाद हो। निश्चित रूप से तब पनघट पनिहारिनों के मंगल गीतों से गुंजित होंगे, पोखर-ताल खुशियों से लहरा रहे होंगे। तब यह धरती समृद्ध सलिला होगी और हमारा जीवन भी होगा जल से भरा-भरा, सुरभित, शीतल एवं सतत प्रवाहमय।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

विश्व जल दिवस पर आज विशेष

# जल संरक्षण के लिए अब नहीं...तो कभी नहीं



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,नई दिल्ली

## भयावह होती जल संकट की तस्वीर

जल संकट दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। इसीलिए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। सही मायनों में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। विश्व जल दिवस 2025 की थीम है 'ग्लेशियर संरक्षण'। ग्लेशियर दुनियाभर में मीठे पानी को उपलब्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण ये तेजी से पिघल रहे हैं। दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा और साफ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

'इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी' का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों,झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनियाभर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं।



विश्वभर में तेजी से उभरती पानी की कमी की समस्या भविष्य में खतरनाक रूप धारण कर सकती है, इसीलिए अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खाड़ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और बढ़ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध लड़े जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही लड़ा जाए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान भी पूरी दुनिया को चेता चुके हैं कि उन्हें इस बात का डर है कि आगामी वर्षों में पानी की कमी गंभीर संघर्ष का कारण बन सकती है। इसीलिए यह समय की सबसे बड़ी मांग है कि दुनियाभर में लोग बेशकीमती पानी की महत्ता को समय रहते समझें और इसके संरक्षण हर स्तर पर अपना योगदान दें। दरअसल पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी,तालाबों,झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा जाता रहा है कि भारत ऐसा देश है, जिसकी गोद में कभी हजारों नदियां खेलती थी लेकिन आज इन हजारों नदियों में से सैकड़ों ही शेष बची हैं और वे भी अच्छी हालत में नहीं हैं। हर गांव-मौहल्ले में कुएं और तालाब हुआ करते थे, जो अब पूरी तरह गायब हो गए हैं।

महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि पृथ्वी की सतह पर उपयोग में आने लायक पानी की मात्रा वैसे ही बहुत कम है और यदि भूमिगत जल स्तर भी निरन्तर गिर रहा है तो हमारी पानी की आवश्यकताएं कैसे पूरी होंगी? इसके लिए हमें वर्षा के पानी पर आश्रित रहना पड़ता है किन्तु वर्षा के पानी का भी सही तरीके से संग्रहण नहीं हो पाने के कारण ही इसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता। वर्षा के पानी का करीब 15 फीसद वाष्प के रूप में उड़ जाता है और करीब 40 फीसद पानी नदियों में बह जाता है जबकि शेष पानी जमीन द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे थोड़ा बहुत भूमिगत जल स्तर बढ़ता है और मिट्टी में नमी की मात्रा में कुछ बढ़ोतरी होती है। इसलिए यदि हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण कर उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

पानी को मानव की मूलभूत आवश्यकता, अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर व अति विशिष्ट प्राकृतिक संसाधन मानते हुए 1987 में जल संसाधनों के नियोजन एवं विकास के लिए 'राष्ट्रीय जल नीति' घोषित की गई थी। इसके क्रियान्वयन के मामले में और तेजी लाने की जरूरत है। राष्ट्रीय जल नीति की घोषणा करते समय कहा गया था कि देश में उपलब्ध जल संसाधनों के विकास, संरक्षण,समुचित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और जरूरी कदम उठाए जाएंगे। देश में जल संकट के विकराल रूप धारण करते जाने के पीछे जनसंख्या विस्फोट के साथ-साथ पानी की उपलब्धता में हो रही कमी तो जिम्मेदार है ही,इसके अलावा पानी का दुरूपयोग, कुप्रबंधन एवं दूषित होता पेयजल आदि और भी कई ऐसी वजहें हैं, जो समस्या को विकराल बना रही हैं। हमें यह भली-भांति समझना होगा कि पानी प्रकृति की अमूल्य देन है और हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते। विकराल होते जल संकट का समाधान तभी संभव है, जब आमजन में इस दिशा में जागरूकता पैदा करने के अपेक्षित प्रयास किए जाएं तथा सरकारी प्रयासों के साथ-साथ हर नागरिक भी पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



## कविता
## गम ना कर

घटती-घटना



शामलाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

गम ना कर अगर सफलता नहीं मिली
एक बार फिर कोशिश करके तो देख!
गम ना कर अगर साथी साथ छोड़ गया
एक बार उस रब को बुला कर तो देख।
गम ना कर अगर किसी ने धोखा दिया
तेरी हिम्मत सब बातों का जवाब ही तो है!
गम ना कर अगर अपने अपने नहीं हुए
तू अकेला ही काफी है
मुकाम पाने के लिए!
गम ना कर अगर
आज हालत ठीक नहीं है तो
मौसम के साथ हालत भी तो
बदलते रहते हैं!
गम ना कर अगर
कोई भी नहीं है दुनिया में तेरा
चांद भी तो अकेला होकर
सबको रोशनी देता है!
गम ना कर अगर
अनजाने में पाप हो गया हो तो
अभी तो उम्र पड़ी है
इसमें सुधार लाने के लिए!
गम ना कर अगर
तेरी कोशिश पर मजाक होता है
सफल होकर इनका मुंह
बंद करने की हिम्मत है तुझमें!
गम ना कर अगर तेरा
खो गया है सब कुछ
तो भी तेरी झोली भर देगा
ऊपर वाला मेहरबां होकर!
गम ना कर अगर पैरों में
पड़ गए छाले चलते चलते
काले गरजते बादलों में से
चांद निकल ही तो आता है।
गम ना कर गम करने से
क्या कभी कुछ हुआ है
सीख कुछ गुलाब से
जो कांटो में भी मुस्कुराता है।

शीतलामाता अष्टमी पर आज विशेष

# संक्रामक रोगों से मुक्ति दिलाती है शीतला माता



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता गधे पर सवार होती है और नीम के पत्तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ,पूड़ी,दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं। हमारे देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को



सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। आमतौर पर शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है।

स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां**
**दिगम्बरराम्**
**मार्जनीकलशोपेतां**
**शूर्पालंकृतमस्तकाम्**

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। लोक किंवदंतियों के अनुसार बासौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढ़िया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढ़िया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल बर्बाद,किसानों की बढ़ी चिंता

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सब्जी व रवि की फसल को नुकसान पहुंचा है। सरगुजा संभाग में शुक्रवार की सुबह से ही बादल छाए रहे। इसी बीच बलरामपुर जिले के लहसूनपाठ इलाके में बारिश के साथ जमकर ओले गिरे। इससे यहां का नजारा शिमला जैसा नजर आया। ओले गिरने के बाद लोग घरों से बाहर निकले और सडक़ पर जमकर मस्ती की। इधर सरगुजा जिले में सुबह साढ़े 11 बजे से बारिश शुरु हो गई। आधे घंटे तक बारिश के बाद दोपहर से शाम 4 बजे तक बूंदाबादी होती रही। शुक्रवार को सरगुजा में मौसम का मिजाज बदला नजर आया। पिछले कुछ दिनों से कड़ी धूप के कारण जहां लोग गर्मी से बेचैन रहे, वहीं शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इस बीच करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। इसके बाद





से हल्की बूंदाबादी हो रही है। बारिश के कारण लोगो को जहां गर्मी से राहत मिली,वहीं हल्की ठंड का भी अहसास लोगों को हो रहा है। इधर सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिला स्थित लहसूनपाठ क्षेत्र में सुबह साढ़े 10 से 11 बजे के बीच जमकर ओले गिरे। वहीं सरगुजा जिले के मैनपाट में भी ओलावृष्टि हुई है। ओलों के कारण सडक़, खेत खलिहान व घरों की छतों पर बर्फ की सफेद चादर बिछी दिखी। इससे यहां का नजारा शिमला जैसा रहा। ओलों की बारिश होने की वजह से किसानों को खासा नुकसान हुआ। खेतों में लगी गेहूं, मक्का, चना व सब्जी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। इसके अलावा आम,महुआ, लिची के फलों को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि पश्चिम विक्षोभ व झारखंड के ऊपरी हिस्सों में बने चक्रवात का असर सरगुजा संभाग में देखा जा रहा है। अभी एक-दो दिनों तक मौसम इसी तरह रहने की उम्मीद है। जगह-जगह बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। इस दौरान तेज गरत के साथ वज्रपात की भी संभावना है। अंबिकापुर में मौसम सुबह से ही खराब रहा। सुबह से हल्की बूंदाबांदी हुई। करीब दोपहर 12 बजे तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश लगभग 20 मिनट तक हुई। इतने ही देर की बारिश में ही जगह-जगह शहर की सडक़ों पर जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई। मौसम विभाग के अनुसार अंबिकापुर में कुल 2.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है। गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। शुक्रवार का अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनम 21.3 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि इससे पूर्व अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री के करीब बना हुआ था।

## सफाई करने के नाम पर महिला का सोने का चेन लेकर युवक फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

बर्तन व जेवरात साफ करने के बहाने एक व्यक्ति ने महिला का सोने का चेन लेकर फरार हो गया। महिला मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।



जानकारी के अनुसार ईंदू सिंघानिया गांधीनगर थाना क्षेत्र के जवाहरर मार्केट के पास की रहे वाली है। वह 20 मार्च को घर में थी। तभी लगभग 12 बजे के बीच एक अज्ञात व्यक्ति दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर वह बोला की मैं तांबे व पीतल का बर्तन साफ करता हूं। इसेक लिए मैं आपको डेमो दिखाना चाहता हूं। महिला उसके झांसे में आकर पहले पीतल का दीपक साफ करने के लिए दी। जिसे वह साफ कर वापस दे दिया। इसके बाद वह बोला की चांदी की मूर्ति व जेवरात भी साफ हो जाएगा। महिला उसके झांसे में आती गई और घर से मूर्ति के ऊपर लगे चांदी के छतरी को साफ करने के लिए दी। जिसे वह साफ कर दे दिया। इसके बाद वह बोला की सोने का जेवरात भी साफ कर दूंगा। महिला उसके विश्वास में आकर अपने गेले से 30 से 35 ग्राम का सोने का चेन निकालकर साफ करने के लिए दे दी। वह महिला से स्टील का डिब्बा मंगाया और उसमें केमिकल व हल्दी पाउडर डालकर सोने का चेन उसमें डाल दिया। उसके बाद वह महिला को कहा कि इसे गैस पर गर्म होने के लिए चढ़ा दीजिए। महिला किचन में जाकर गैस पर उसे गर्म होने के लिए चढ़ा दी। उसके पीछे युवक किचन में पहुंच गया और कहा कि इसमें हल्दी पाउडर कम है दो चम्मच और डालिए। महिला हल्दी पाउडर लेकर आई और उसमें डाल दी। इसके बाद युवक उसे बोला की पांच मिनट बाद साफ हो जाएगा। चेन इसमें से निकला लेना। यह कहकर युवक वहां से फरार हो गया। 5 मिनट बाद जब महिला स्टील के डब्बे से अपना सोने का चेन निकालने गई तो उसमें चेन नहीं था। महिला ने पुलिस को बताया कि जब में हल्दी पाउडर निकाले गई थी तब युवक डब्बे से चेन निकालकर फरार हो गया है। महिला ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## केन्द्रीय जेल के बैरक में मिले मोबाइल व गांजे के बाद कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

केन्द्रीय जेल अंबिकापुर अभी चर्चा में है। 17 मार्च को जांच के दौरान बैरग से मोबाइल व गांजा जब्त किया गया था। मामले में जेल अधीक्षक ने गुरुवार को 4 जेल प्रहरियों को निलंबित कर दिया है। वहीं शुक्रवार को कलेक्टर विलास भोस्कर व एसपी योगेश पटेल ने जेल का निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद एसपी ने बताया कि जेल की स्थिति सामान्य है। जेल के बैरक में आपतिजनक सामान मिलने के मामले में एसपी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है।




17 मार्च को जेल अधीक्षक योगेश सिंह ने जेल के बैरकों की जांच की। इस दौरान वहां कई प्रतिबंधित सामान मिले। जांच के दौरान सूरजपुर दोहरा हत्याकांड के आरोपी कुलदीप साहू के बैरक के टॉयलेट में मोबाइल व गांजा मिला था। इसी बैरक में दुर्ग का कुख्यात बदमाश दीपक नेपाली भी रहता है। दीपक नेपाली को महादेव सट्टा ऐप से जुड़े मामले में रायपुर के जेल से अंबिकापुर सेंट्रल जेल में 4 महीने पहले शिफ्ट किया गया था। कुख्यात बदमाशों के बैरक में मोबाइल व गांजा किस माध्यम से पहुंचा, इसकी अधीक्षक द्वारा जांच की जा रही है। वहीं प्रारंभिक जांच में ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जेल अधीक्षक ने गुरुवार को चार जेल प्रहरियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित जेल प्रहरियों में प्रहरी भूपेन्द्र अयाम, नरेंद्र वर्मा, अरूण कश्यप के अलावा एक अन्य शामिल है।

### जेल में व्यवस्थाओं की ली गई जानकारी

केन्द्रीय जेल के अंदर बैरक से मोबाइल व गांजा मिलने की खबर पर शुक्रवार को कलेक्टर विलास भोस्कर व एसपी योगेश पटेल ने टीम के साथ केन्द्रीय जेल पहुंचे। यहां अधिकारियों ने जेल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसपी योगेश पटेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यहां की व्यवस्थाओं को जायजा लिया गया। इसके अलावा बंदियों को यहां किस प्रकार रखा जा रहा है इसकी जानकारी ली गई। जांच में स्थिति सामान्य मिली है। किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। वहीं 17 मार्च को जेल के बैरक में मिले आपतिजनक सामान के मामले में उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है।



## भाजपा नेता गोपाल सिन्हा ने सीएम से मुलाकात कर की एम्स की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा नेता गोपाल सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर सरगुजा संभाग में एम्स खोले जाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री भेंट कर अनुरोध किया कि इसका प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाए, ताकि सरगुजा की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री से सरगुजा संभाग में खेल अकादमी की स्थापना की भी मांग की, ताकि यहां के युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकें और खेलों में उज्वल भविष्य बना सकें। यह अकादमी सरगुजा के खिलाडियों के लिए नए अवसरों द्वार खोलेगी।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के 19 छात्रों को गेट परीक्षा में मिली सफलता

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर को जीएटीई परीक्षा में सफलता मिली है। संस्था के 19 छात्रों का जीएटीई परीक्षा में चयन हुआ है। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। जिसमें जीएटीई परीक्षा के अंकों का उपयोग आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) में प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए और शीर्ष कंपनियों में जॉब प्राप्त करने के लिए होता है। इसके अलावा भारत सरकार की छात्रवृति योजना का लाभ भी प्रवेश लेने वाले छात्रों को मिलता है। इस वर्ष जीएटीई परीक्षा का आयोजन आईआईटी रुडक़ी द्वारा किया गया था। परीक्षा में




चयन हुए छात्रों में ऋषिकेश यादव, राहुल केशरी,अमित कुमार साहू, निखिलेश्वर सिंह,शिवम सोनी, दीपक कुमार,विकास कुमार, अभिनव कुमार सिंह,अरविन्द सिंह, नेहा गुप्ता,आकाश सिंह, आकाश शर्मा, सुशांत कुमार स्वाइन, ओमप्रकाश साहू, हर्ष पटेल, उपलक्ष्य विश्वकर्मा, राकेश कुमार धीवर, प्रियानशु देवांगन और आर्यन रॉय हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन खरे ने बताया कि माइनिग, कंप्यूटर साइंस और सिविल इंजीनियरिंग छात्रों ने गेट परीक्षा 2025 में उच्च अंक एवं अभूतपूर्व सफलता हासिल कर अपना ही नहीं अपितु समस्त संस्था का नाम रोशन किया है। इस रैंक पर उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश मिलने की प्रबल संभावना है। प्राचार्य व संस्था के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ने उक्त छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी तथा उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फुटकर रुपए मांगने के नाम पर किसान से 30 हजार की लूट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने फुटकर मांगने के बहाने किसान से 30 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। किसान सहकारी बैंक से रुपए निकाला था। बाइक सवार बदमाशों ने बैंक के पास से ही उसे बैठाकर चंदनई नदी के पास से गए और घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने फुटकर रुपए के नाम पर किसान को कपड़े में बंधे ईंट-पत्थर पकड़ा दिए थे। किसान ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार प्रेम शंकर पिता रुहिया उम्र 45 वर्ष ग्राम लवजी जामा का रहने वाला है। वह शुक्रवार की दोपहर जिला सहकारी बैंक लखनपुर में रुपए निकालने गया था। वह बैंक से 30 हजार रुपए निकालकर बैंक से बाहर निकला। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे बाइक में बैठाकर नेशनल हाईवे-130 चंदनई नदी के पास ले गए। वहां दोनों बदमाशों ने उससे 500 रुपए का फुटकर मांगे। इस दौरान बदमाशों ने प्रेमशंकर के पॉकेट में रखे 30 हजार रुपए लूट लिए। इसके बाद बदमाशों ने उसे कपड़े में बंधे ईंट-पथर पकड़ा कर बाइक से वार्ड क्रमांक 4 तालाब के पास लेजाकर छोड़ दिए और वहां से दोनों फरार हो गए। प्रेम शंकर ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## फर्जी तरीके से डिजिटल जन्म प्र्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

जिले में फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का मामला सामने आया था। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में सविलसर्जन का फर्जी डिजिटल साइन का भी उपयोग किया गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरताा से देखते हुए मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




हाल के कुछ दिनों के अंदर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के कुल 7 मामले सामने आ चुके हैं। इन सभी जन्म प्रमाण पत्रों में सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी का फर्जी डिजिटल साइन का भी उपयोग किया गया है। आश्चर्य की बात यह है कि 1962 में जन्म लिए व्यक्ति का भी ऑनलाइन जन्म प्रमामण पत्र जारी कर दिया गया है। इसमें भी सिलिव सर्जन का फर्जी डिजिटल साइन का उपयोग किया गया है। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुकनडांड निवासी कामेश्वर राजवाड़े जो की पीएचई विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। वह 27 फरवरी को अपना आधार कार्ड में जन्म तिथि सुधरवाने लोकसेवा केन्द्र अंबिकापुर पहुंचा। आधार कार्ड सुधरवाने के लिए वह अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र भी लाया था। जो ऑनलाइन जारी किया गया था। आधार कार्ड सुधारने के लिए जब उसका जन्म प्रमाण पत्र लिंक किया गया तो फर्जी पाया गया। ई-जिला प्रबंधक ने कामेश्वर राजवाड़े से जन्मप्रमाण पत्र के बारे में पूछताछ की तो वह बताया कि लखनपुर में एक व्यक्ति के माध्यम से बनवाया है। उक्त फर्जी जन्म प्रमाण पत्र 1962 के तिथि में जारी किया गया था। मामले में कलेक्टर ने जांच के निर्देश सीएमएचओ को दिए थे और मामले की एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. संटू बाघ ने अज्ञात च्वाइस सेंटरों के खिलाफ रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### शोक समाचार



**अंबिकापुर,21 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** शहर के बिलासपुर चौक निवासी मंजु पाठक पति सुधीर पाठक का 21 मार्च की सुबह करीब 11 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे शंकर घाट मुक्ति धाम अम्बिकापुर में किया गया। वे अपने पीछे पति, पुत्र गौरव पाठक, सौरभ पाठक सहित भरा-पुरा परिवार छोड़ गई हैं।



# भारत-पाकिस्तान इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे,पूर्व विदेश मंत्री ने फिर रोया रोना

**इस्लामाबाद,21 मार्च 2025।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने एक बार फिर पाकिस्तान से भारत के रिश्तों को लेकर पुराना रोना रोया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर भारत और पाकिस्तान के बीच इतिहास के सबसे बुरे दौरों में से एक है। इससे ज्यादा बुरा वक्त वास्तविक युद्ध के हालात के दौरान ही थे। उन्होंने उम्मीद के साथ कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में अचानक सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ पीस एंड कनेक्टिविटी (आईपीएसी) की ओर से गुरुवार को लाहौर में आयोजित पाकिस्तान-भारत संबंध- वर्तमान स्थिति और आगे का रास्ता नाम के कार्यक्रम में बोलते हुए कसूरी ने कहा कि दोनों देशों के लिए अपने लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

उन्होंने कहा कि युद्धों के बाद भी पाकिस्तान और भारत शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए जल्दी ही बातचीत के लिए आगे आए। अगर दोनों देश अपने विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का मौका चूक जाते हैं तो यह दुखद होगा, क्योंकि उनके पास जम्मू-कश्मीर मुद्दे के संभावित समाधान के लिए चार सूत्री फॉर्मूले के रूप में पहले से ही एक सहमत खाका मौजूद है।

2002 से 2007 तक विदेश मंत्री रहे कसूरी IPACके अध्यक्ष हैं

दरअसल, वे पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की ओर से भारतीय नेतृत्व को कथित तौर पर प्रस्तावित समाधान का जिक्र कर रहे थे। 2002 से 2007 तक विदेश मंत्री रहे कसूरी IPAC के अध्यक्ष हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि



उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों के साथ काम किया है। इसलिए कसूरी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि वर्तमान में निराशाजनक स्थिति के बावजूद, भारत के मूक बहुसंख्यक लोग पाकिस्तान के साथ शांति चाहते हैं। चुनौतियों और मौजूदा तनाव के बावजूद कसूरी ने कहा कि उनके अनुभव ने उन्हें सिखाया है कि पाकिस्तान-भारत संबंध अचानक सकारात्मक बदलाव देखेंगे।

उन्होंने याद किया कि कैसे राष्ट्रपति मुशर्रफ (कारगिल संघर्ष के वास्तुकार) का बाद में नई दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में लाहौर में तत्कालीन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात करके सबको चौंका दिया था। कसूरी ने दावा किया, ऐसी विश्वसनीय रिपोर्टें थीं कि प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल 2021 में पाकिस्तान का दौरा करेंगे। वे हिंगलाज माता मंदिर की तीर्थयात्रा और बाद में शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने के लिए इस्लामाबाद जाने वाले थे।

### ट्रंप पर भी बात की

पूर्व विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार संभालने के बाद से भू-राजनीति में हो रहे बदलावों पर भी बात की। उन्होंने का कि ट्रंप की जीत पाकिस्तान-भारत संबंधों में सुधार का अवसर प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा, यह शर्म की बात है कि पाकिस्तान और भारत में अभी भी दुनिया में सबसे अधिक गरीब लोग हैं और वे चीन, जापान और आसियान देशों जैसे अन्य क्षेत्रों और देशों की तुलना में पीछे रह गए हैं। उन्होंने इसके लिए स्वतंत्रता के बाद से दोनों के बीच लगातार तनाव को जिम्मेदार ठहराया।

# उत्तर कोरिया ने नई विमानभेदी मिसाइलों का किया परीक्षण

**सियोल,21 मार्च 2025।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण किया। उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर उनके खिलाफ गंभीर कदम उठाने की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने अपने परीक्षण को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताया है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने गुरुवार को परीक्षणों की निगरानी की और कहा कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया के लिए एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली हैं।

मिसाइल प्रक्षेपण,इस वर्ष उत्तर कोरिया की छठी हथियार परीक्षण गतिविधि,उसी दिन हुई जिस दिन अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास समाप्त किया। 11 दिवसीय प्रशिक्षण जनवरी



में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उद्घाटन के बाद से सहयोगियों का पहला प्रमुख संयुक्त सैन्य अभ्यास था।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया इसे एक बड़ा सुरक्षा खतरा मानता है। 10 मार्च को इस साल के फ्रीडम शील्ड प्रशिक्षण के शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद उत्तर कोरिया ने समुद्र में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

शुक्रवार को उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच हुए अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को हटाने के लिए भूमिगत सुरंगों को नष्ट करने की कोशिश की गई। मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता ने कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने फिर से इसी तरह की भड़काऊ कार्रवाई की तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

केसीएनए में प्रकाशित एक बयान में प्रवक्ता ने कहा,अमेरिका और दक्षिण कोरिया के लापरवाह सैन्य कदम,इस दिवास्वप्न से ग्रसित हैं कि वे एक परमाणु हथियार संपन्न राज्य की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं,निःसंदेह सबसे गंभीर परिणाम ला सकते हैं, जो वे नहीं चाहते हैं। आरओके कोरिया गणराज्य है, जो दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम है। जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं बड़े अभ्यास करती है।

# कनाडा में 23 मार्च को संसद भंग कर चुनाव की घोषणा करेंगे कार्नी ?,28 अप्रैल या 4 मई को मतदान की संभावना

**ओटावा,21 मार्च 2025।** कनाडा में मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब देश में आम चुनाव की तैयारियां कराई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्नी इस रविवार को संसद भंग करने और देश में आम चुनाव कराने के लिए गवर्नर जनरल मैरी साइमन से अनुरोध कर सकते हैं। बता दें कि बीते 14 मार्च को कार्नी ने पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह प्रधानमंत्री पद संभाला था।




### पीएम कार्नी पर सबकी नजरें

पीएम बनने के बाद लिबरल पार्टी की कमान संभाल चुके कार्नी चुनाव की घोषणा कब करते हैं, इस पर सबकी नजरें हैं,क्योंकि पड़ोसी देश अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों में तनाव पर लगातार सुर्खियों में है। गौरतलब है कि कनाडा में समयपूर्व चुनाव होना तय है और अमेरिका के साथ तल्ख रिश्तों को देखते हुए कनाडा की सरकार मजबूत जनादेश की तलाश कर रही है।

### इतने दिन चलेगा चुनावी अभियान

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अगर कार्नी रविवार को ऐसा करते हैं तो चुनाव 28 अप्रैल या 4 मई को हो सकता है। ऐसे में चुनाव अभियान 36 से 50 दिनों तक चल सकता है।

### आम चुनावों के वक्त को लेकर क्या बोले कार्नी

जब मार्क कार्नी से आम चुनाव के समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ किया कि इस बारे में वे सबसे पहले जनरल मैरी साइमन से बात करेंगे। उन्बोंने कहा कि वर्तमान में जबकि कनाडा कई समस्याओं से जूझ रहा है ऐसे में सरकार को एक मजबूत और स्पष्ट जनादेश की आवश्यकता है। हम देश के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्रवाई पेश कर रहे हैं।

चुनाव के समय के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने संवाददाताओं से कहा कि गवर्नर जनरल मैरी साइमन सबसे पहले इस बारे में जानेंगी।

### ये कह रहे हैं पोल सर्वे

सीबीसी के पोल ट्रैकर के अनुसार, आम चुनाव होने की दशा में वर्तमान पीएम मार्क कार्नी दोबारा सत्ता में लौट सकते हैं। उनके नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी 37.7 प्रतिशत के साथ आगे चल रही है, जबकि कंजर्वेटिव 37.4 फीसदी समर्थन के साथ उनसे पीछे हैं।

कार्नी ने 14 मार्च को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने तब देश की बागडोर संभाली जब कनाडा कई मोर्चों पर संकटों का सामना कर रहा था। प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में, कार्नी ने कहा था कि आज, हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो इस समय की चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने बिना अमेरिका का नाम लिए अपने इरादे साफ कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि कनाडाई लोग कार्रवाई की उम्मीद करते हैं और उनकी टीम यही करेगी। उन्होंने कहा था कि अभी, हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो हमारे देश की सबसे ज्यादा जरूरतें पूरी करेगी। हम इस संकट के दौरान कनाडाई लोगों की रक्षा करेंगे और भविष्य के लिए एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे। उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रम्प के बार-बार सुझाव को भी खारिज कर दिया था।

# इटली के इल फोग्लियो ने रचा इतिहास

## छापा समाचार-पत्र का AI संस्करण

**रोम,21 मार्च 2025।** इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है। बता दें कि, इतालवी अखबार इल फोग्लियो ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। इसके साथ ही अखबार ने ऐसा करने की वजह भी बताई है। जानकारी के मुताबिक, यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है।

### कैसे काम कर रहा है यह अनोखा प्रयोग?

जानकारी के मुताबिक, इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं। इसमें अखबार के 20 से अधिक पत्रकार ओपनएआई के चैटजीपीटी टूल्स से लेख लिखवाते हैं। वे एक खास विषय और विशेष लेखन शैली में लेख तैयार करने के लिए निर्देश देते हैं। अगर एआई के लेख में ज्यादा गलतियां होती हैं, तो नया लेख लिखा जाता है।

### एआई समाचार पत्र में कौन-कौन से लेख शामिल?

एआई से छपे समाचार पत्र के लेखों की बात की जाए, तो इसमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी




के भाषणों का विश्लेषण शामिल है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन बातचीत पर एक संपादकीय के साथ-साथ फैशन से जुड़ा एक लेख भी शामिल है। वहीं इसे लेकर इल फोग्लियो के संपादक क्लॉडियो सेरासा ने कहा कि इसका मकसद पत्रकारिता को खत्म करना नहीं, बल्कि उसे नया जीवन देना है। उन्होंने कहा, हम यह देखना चाहते हैं कि एआई क्या कर सकता है, उसकी क्या सीमाएं हैं और पत्रकारिता में इसका कैसे सही तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है।

### क्या एआई पत्रकारों की जगह ले सकता है?

इस प्रयोग से यह साफ हुआ कि एआई तेजी से और कुशलता से लेख लिख सकता है, लेकिन वह इंसानों की रचनात्मकता और अनोखे दृष्टिकोण की बराबरी नहीं कर सकता। एआई से लिखे लेख अच्छे होते हैं, लेकिन इंसानी लेखों में हमेशा एक अलग तरह की गहराई और रचनात्मकता होती है, जो मशीन नहीं दे सकती। वहीं इल फोग्लियो के पत्रकार इस प्रयोग को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें यह एक मजेदार और नया अनुभव लग रहा है। इसके साथ ही दावा किया इस प्रयोग से अखबार की बिक्री 60 फीसदी तक बढ़ गई। जबकि इस नए प्रयोग को लेकर कुछ पाठक चिंतित हैं कि कहीं अखबार पूरी तरह एआई पर निर्भर न हो जाए।

इल फोग्लियो के संपादक क्लॉडियो सेरासा का मानना है कि एआई को रोकना संभव नहीं है, बल्कि इसे सही दिशा में इस्तेमाल करना जरूरी है। एआई अगर लेखन में मदद कर सकता है, तो पत्रकारों को ऐसे लेखों पर ध्यान देना होगा जो मशीनें नहीं लिख सकतीं। अंत में, यह प्रयोग पत्रकारिता को खत्म करने के बजाय उसे नया और रचनात्मक बनाने का एक प्रयास है।

# तीन भारतीय नागरिकों को इंडोनेशिया में मिल सकती है मौत की सजा,ड्रग तस्करी का है आरोप

**जकार्ता,21 मार्च 2025।** इंडोनेशिया में तीन भारतीयों को मौत की सजा



सुनाई जा सकती है। दरअसल तीनों पर जुलाई 2024 में इंडोनेशिया में ड्रग की तस्करी करने का आरोप है। फिलहाल मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन इंडोनेशिया के कानून के मुताबिक तीनों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। आरोप है कि इन तीनों भारतीयों ने सिंगापुर का झंडा लगे जहाज से इंडोनेशिया में ड्रग पहुंचाई।

### तीनों आरोपी तमिलनाडु के हैं निवासी

तीनों की पहचान राजू मुथुकुमारन (38 वर्षीय), सेल्वादुरई दिनाकरण (34 वर्षीय) और गोविंदसामी विमलकंधन (45 वर्षीय) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी तमिलनाडु के निवासी हैं। तीनों सिंगापुर की शिपिंग इंडस्ट्री के लिए काम कर रहे थे। तीनों पर 106 किलो क्रिस्टल मेथ ड्रग अवैध रूप से इंडोनेशिया ले जाने का आरोप है। इंडोनेशिया के सुरक्षाबलों ने करीकुम जिले के पोंगकर इलाके में जहाज को पकड़ा। जहां से जहाज पकड़ा गया, वहां से सिंगापुर की दूरी महज एक घंटे की है। इस मामले में अब जहाज के कैप्टन की गवाही होनी है, लेकिन जहाज का कैप्टन कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वह जूम कॉल के जरिए सुनवाई से जुड़ा और इसके चलते उसकी गवाही नहीं हो सकी।

# अदाणी फाउंडेशन के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लाभार्थियों ने लिया परामर्श

- » नेत्र,दंत,बाल चिकित्सा और जनरल मेडिसिन की निःशुल्क जांच के साथ दवाइयाँ
- » रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं और स्वास्थ्य परामर्श

**- संवाददाता -**
**उदयपुर,21 मार्च, 2025 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले के ग्राम साल्ही में अदाणी फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में परसा ईस्ट कांता बासन खदान और परसा खदान के आसपास के 14 से अधिक ग्रामों के 150 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए।

रायपुर के प्रसिद्ध रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक संचालित किया गया, जिसमें



विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच और परामर्श के साथ साथ जरूरी दवाइयां भी प्रदान की गई। शिविर में आए मरीजों की निःशुल्क ईसीजी, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर इत्यादि की भी जांच की गई।

शिविर के दौरान रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जिनमें मुख्यतः बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक तथा जनरल मेडिसिन से जुड़ी बीमारियों, जिसमें बार-बार बुखार आना, अकारण वजन घटना या बढ़ना, शरीर में लगातार दर्द रहना, क्रोनिक थकान, सांस लेने में कठिनाई, पाचन संबंधी समस्याएं, गंभीर सिरदर्द जैसी बीमारियों विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

इस अवसर पर ग्राम तारा की सरपंच श्रीमती सम्पतिया देवी और आरआरवीयूएनएल के कार्यपालक अभियंता श्री प्रकाश कुमार ओझा भी उपस्थित रहे।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड अपने पाँच सितारा खिताब से सम्मानित खदान परसा ईस्ट कांता बासन खदान के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से सरगुजा जिले में उदयपुर ब्लॉक के 14 गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन तथा अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है, जिसमें युवाओं को कौशल विकास केंद्र, साल्ही में इलेक्ट्रीशियन और सिलाई प्रशिक्षण सहित कई पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से अब तक 350 से अधिक सफल प्रशिक्षुओं को उनकी कुशलता के अनुरूप नौकरी तथा स्वरोजगार के भी अवसर मिले हैं। साथ ही क्षेत्र में जैव विविधिता को बरकरार रखने के लिए 14 लाख से ज्यादा पेड़ों का रोपण कर एक नया जंगल तैयार किया है, जबकि वृक्षा रोपण का कार्य सतत रूप से जारी है।

# महाविद्यालय की प्राचार्य ने प्रवेश-पत्र देने मांगी 500 रूपये की रिश्वत

**- संवाददाता -**
**सुरजपुर,21 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

रामानुजनगर शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य ने प्रवेश पत्र देने मांगी 500 रूपये रिश्वत, छात्रों ने बना लिया वीडियो, जिले में एक सरकारी रामानुजनगर शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य रंगे हाथ घूस के पैसे लेते हुए कैमरे में नजर आ रही है। वीडियो कॉलेज के छात्रों द्वारा शूट किय गया है,जो एग्जाम में बैठने के लिए प्राचार्य को रिश्वत देने को मजबूर हैं। जिसमें जिले के एक सरकारी रामानुजनगर शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य रंगे हाथ घूस के पैसे लेते हुए कैमरे में नजर आ




रही है। वीडियो कॉलेज के छात्रों द्वारा शूट किय गया है,जो एग्जाम में बैठने के लिए प्राचार्य को रिश्वत देने को मजबूर थे। महिला प्राचार्य को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने के लिए कॉलेज के दो छात्रों ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रवेश-पत्र पर हस्ताक्षर लेने गए छात्र से प्राचार्य को 500 रुपए लेते हुए देखा जा सकता हैं। आरोप है कि एग्जाम में प्रवेश पत्र जारी करने के एवज में महिला प्राचार्य छात्रों से 500 रुपए की मांग कर रही थीं। इस खबर के माध्यम से हम कही भी इस वीडियो को पुष्टि नहीं करते।



### साइन करने मांगी रिश्वत

शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य अंजिल शर्मा प्रवेश पत्र पर हस्ताक्षर के लिए छात्रों को पैसा देने के लिए मजबूर कर रहीं है। छात्र जब प्राचार्य से कहते हैं कि,मैडम गरीब हैं, हमारे पास पैसा नहीं हैं,तो प्राचार्य यह कहती हुई नजर आती है कि, पैसा तो देना पड़ेगा,हम भी गरीब हैं।

महिला प्राचार्य द्वारा प्रवेश पत्र पर हस्ताक्षर के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को पर्दाफाश करने के लिए कॉलेज के कुछ छात्रों ने 500 रुपए देते समय वीडियो बनाने की योजना बनाई। गुरुवार को छात्र प्राचार्य के केबिन में पहुंचे और प्राचार्य द्वारा पैसे लेते हुए उन्हें कैमरे में कैद कर लिया। अब प्राचार्य का वीडियो अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है।

# शहीदे आजम भगत सिंह,सुखदेव व राजगुरु का पुण्यतिथि 23 को

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,21 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का पुण्यतिथि 23 मार्च को मनाया जाएगा। इप्टा, प्रलेस, एआईपीएसओ, भगत सिंह अकादमी द्वारा 23 मार्च को सुबह बजे से गांधी चौक से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जो महामाया चौक तक पहुंचेगी। यहां भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को पुष्पांजलि तथा मौन श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# विकास चाहिए,बहाने नहीं:अन्नपूर्णा

## नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के साथ में नगर पालिका परिषद की बैठक का हुआ बहिष्कार

## सभी पार्षदों ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विरोध और तेज होगा

### नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह का सवाल

**सवालः क्यों शहर की सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई हैं? मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है?**

**सवालः क्यों स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद हैं? रात होते ही शहर अंधेरे में डूब जाता है?**

**सवालः क्यों पेयजल संकट बना हुआ है? लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं?**

**सवालः क्यों मच्छरों का आतंक बढ़ता जा रहा है? दवा छिड़काव केवल कागजों में हो रहा है**

**सवालःक्यों जरूरी मशीनें (लिफ्टर,पेड़ काटने की मशीन, खरपतवार काटने की मशीन) खराब पड़ी हैं?**

**सवालः क्या नगर पालिका प्रशासन जागेगा? या फिर जनता खुद सिखाएगी सबक?**




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की बैठक में पार्षदों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए, लेकिन जब कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में बैठक का बहिष्कार कर दिया गया। विपक्षी पार्षदों ने नगर प्रशासन पर जनता के पैसे के दुरुपयोग, पक्षपातपूर्ण रवैये और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

### भ्रष्टाचार बंद करो,शहर को बचाओ का नारा हुआ तैयार

के नारों से गूंजा नगर पालिका परिसर सत्ताधारी पार्षदों और प्रशासन द्वारा अपनों को फायदा पहुंचाने और अन्य वार्डों की उपेक्षा किए जाने पर नाराज पार्षदों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की।

### क्या प्रशासन को शहर वाशियों के चिंता है?

पार्षद अंकित गुप्ता ने कहा, बैकुंठपुर की सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। हर जगह गड्ढे हैं, दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। क्या प्रशासन को इसकी चिंता नहीं?

### नगर पालिका में भ्रष्टाचार फैला है...

पार्षद धीरू शिवहरे ने नगर प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा, नगर पालिका में हर जगह भ्रष्टाचार फैला हुआ है। ठेकेदारों से सांठगांठ करके विकास कार्यों में लापरवाही की जा रही है। आखिर जनता कब तक भुगतेगी?

### चेतावनी आंदोलन की

पार्षद राहुल गुप्ता ने चेतावनी दी अगर नगर पालिका ने जनता के पैसे का दुरुपयोग और पक्षपात बंद नहीं किया, तो हम जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे!

### जनता के पैसे से बंदरबांट नहीं चलेगा

नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा,नगर पालिका केवल सत्ता पक्ष के वार्डों में काम कर रही है, बाकी पूरे शहर को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। विकास कार्य सिर्फ चहेतों के इलाकों में हो रहे हैं, आम जनता की बुनियादी समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं है। आखिर नगर निधि का पैसा जा कहां रहा है? जब भी वार्ड में विकास की बात करिए तो बोल देते हे हमारे पास फंड नहीं है उन्होंने पूछा- क्यों सफाई व्यवस्था बदहाल है? कूड़ा-कचरा हर गली में फैला है! हम जनता के पैसे की बर्बादी नहीं होने देंगे। प्रशासन को पारदर्शिता लानी होगी, वरना जनता खुद इसका जवाब देगी।

### पार्षदों ने उठाए सवाल...लेकिन... प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं...

बैठक के दौरान जब पार्षदों ने नगर प्रशासन से जवाब मांगा तो नगर पालिका अध्यक्ष सीएमओ अधिकारी गोलमोल जवाब देने लगे। जब सवालों से बचने की कोशिश की गई, तो पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और नगर पालिका परिषद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

### नगर निधि की पारदर्शिता क्यों नहीं है?

पार्षद संजय जायसवाल ने कहा, नगर निधि की पारदर्शिता क्यों नहीं है? आखिर जनता के पैसों का हिसाब देने में इतनी परेशानी क्यों हो रही है?

### क्या टेंडर की प्रक्रिया पारदर्शी थी?

पार्षद मनीष सिंह ने सीधा सवाल किया 15 वें वित्त आयोग,जिला खनिज न्यास और नगरी निकाय निधि से आए करोड़ों रुपये कहां खर्च हुए? किसे टेंडर दिया गया? क्या टेंडर की प्रक्रिया पारदर्शी थी?

### नगर प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त

पार्षद ललित सिंह ने कहा, नगर प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है। सफाई, सड़क, बिजली, पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आम जनता ठगी महसूस कर रही है!

### सत्ता पक्ष के लोगों को फायदा

पार्षद बाबी सिंह ने कहा, नगर पालिका में केवल सत्ता पक्ष के लोगों को फायदा पहुंचाने का काम हो रहा है। क्या बाकी जनता का कोई हक नहीं?

### लाखो खर्च के बाद भी शहर गंदा क्यों?

पार्षद साधना जायसवाल ने कहा, स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये हर साल खर्च होते हैं, लेकिन हकीकत में शहर गंदगी से पटा पड़ा है। यह जनता के पैसों की खुली लूट नहीं तो और क्या है?

### पार्षदों के सवालों का जवाब नहीं, तो आम जनता की कौन सुनेगा?

पार्षद अभिनंदन सिंह चंदेल ने कहा, नगर प्रशासन जवाबदेही से बच रहा है। पार्षदों के सवालों का जवाब नहीं दिया जाता, तो आम जनता की कौन सुनेगा?

# पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज द्वारा कोरबा जिले का किया गया दो दिवसीय निरीक्षण



-संवाददाता-
कोरबा,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) द्वारा कोरबा जिले का दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना परिसरों, पुलिस कार्यालयों एवं पुलिस बल की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। 20 मार्च 2025 को थाना दीपका का निरीक्षण किया गया, जहां अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की समीक्षा एवं पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। 21 मार्च 2025 को सुबह परेड निरीक्षण संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस अधीक्षक (स्क) कोरबा, श्री सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के साथ कोरबा पुलिस के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 152 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनकी तकनीकी स्थिति, कार्यक्षमता एवं रखरखाव की विस्तृत जांच की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वाहन आपातकालीन परिस्थितियों में तत्परता से कार्य करने के लिए पूर्णतः सक्षम हों।

इसके बाद जनदर्शन (दरबार) आयोजित कर पुलिस परिवार के सदस्यों की समस्याएं सुनी गईं, तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरक्षण के दौरान सीएसपी कोरबा कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जहां पुलिस प्रशासनिक कार्यों, लंबित प्रकरणों, अपराध विवेचना की प्रगति एवं दैनिक कार्य प्रणाली की समीक्षा की गई, साथ ही द्वृत डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को अनुशासन, संयमित व्यवहार एवं जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को आम जनता से संवाद में संयम एवं संवेदनशीलता बनाए रखने की सलाह दी।

# डीएमएफ से जिले के विद्यालयों में 568 शिक्षक दे रहे हैं सेवा

-संवाददाता-
कोरबा,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।



जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से 568 शिक्षकों को मानदेय के आधार पर अतिथि शिक्षक के रूप में रखा गया है। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 118 लेक्चरर, माध्यमिक शाला में 107 शिक्षकों और प्राथमिक शाला में 343 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई। जिसमें 41 पीवीटीजी शिक्षक भी शामिल है। कुल 568 शिक्षकों की नियुक्ति जिले में की गई है। सभी शिक्षकों को मानदेय के आधार पर रखा गया है और डीएमएफ से उन्हें प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। जिसमें हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययन कराने वाले शिक्षकों को 14 हजार प्रतिमाह, माध्यमिक शाला के शिक्षकों को 12 हजार और प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षकों को प्रतिमाह 10 हजार रूपए मानदेय के रूप में दिया जाता है।

# माननीय मुख्य न्यायधिपति ने जिला सूरजपुर के अभिलेखागार एवं पीड़ित बिश्राम कक्ष का किया उद्घाटन




-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
माननीय मुख्य न्यायधिपति श्री रमेश सिन्हा ने सूरजपुर के अभिलेखागार एवं पीड़ित बिश्राम कक्ष का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियों न्यायाधीश सूरजपुर न्यायमुर्ति अमितेन्द किशोर प्रसाद की भी वर्चुअल रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। माननीय मुख्य न्यायधिपति ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए सूरजपुर के अभिलेखागार में समस्त अभिलेखों को सुव्यस्थित रूप से रखे जाने एवं वर्ष 1949 के अभिलेख को सुरक्षित रखे जाने की प्रसंशा किये एवं पीड़ित विश्राम कक्ष की प्रसंशा करते हुए कहा कि पॉक्सो पीड़ितों के बालकोमल मन एवं उनके साथ हुए घटना की मनोदशा को ध्यान में रखते हुए पीड़ित विश्राग कक्ष हर जिलो में होना चाहिए जिससे वे न्यायालय में अपने साथ हुए घटना को बिना किसी डर,दबाव एवं झिझक के सुरक्षित होकर न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान अच्छे महौल में दर्ज करा सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायाधीश, जिला के सभी वरिष्ठ न्यायाधीश एवं मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक,अधिवक्तागण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलव्ही व्यक्तिगत रूप से जिला न्यायालय सूरजपुर में उपस्थित रहे।

# चोरी का कोयला सहित 3 गिरफ्तार, थाना झिलमिली पुलिस की कार्यवाही



-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है जिसके बाद से ही लगातार पुलिस कड़ी कार्यवाही में लगी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 20/03/2025 को थाना झिलमिली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम दलौनी खुर्द में कुछ व्यक्ति कोयला चोरी कर ईट भट्ठा में खपाने मोटर सायकल में ले जा रहे है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल में चोरी का कोयला परिवहन करते कन्हैया सिंह उम्र 40 वर्ष, लालमन सिंह उम्र 32 वर्ष व मेहीलाल सिंह उम्र 20 वर्ष तीनों निवासी ग्राम लॉजित थाना ओड़गी को पकड़ा। मौके से 1.5 क्विंटल कोयला एवं 3 मोटर सायकल जप्त किया गया। कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35 (1-5) /303 (2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन व उनकी टीम सक्रिय रही।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दर्शनी पत्नी विकास कुमार जाति उरांव निवासी भाथूपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम पचपेड़ी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 6/18 रकबा 0.028 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदब्रत राजवाड़े पिता रनसाय जाति रजवार निवासी तेलईकछार तहसील लटोरी जिला सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 96/27 रकबा 0.032 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 बशीर खान आ0 खीललू रहमान, मो0 आरिक आ0 मो0 बारीक एराकी जाति मुसलमान निवासी प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 282/8 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुष्ण कुमार एवं प्रीती सिंह पत्नी कुष्ण कुमार जाति कंवर निवासी गिरजापुर तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 206/6 रकबा 0.053 हे0 में से 1.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समसागर अली आ0 अख्तर हुसैन जाति मुसलमान निवासी नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 282/6 रकबा 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतू सिंह पति संतोष सिंह निवासी महावीर वार्ड क्रमांक 17 डी0सी0रोड नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा मुख्तारनामा आम राजकुमारी पाल पति महेन्द्र कुमार पाल निवासी कुनकुरीकला तहसील बतौली जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 543/66 रकबा 0.048 हे0 भूमि मे से 0.024 हे0 को अनावेदक क्रमांक 01 हवलराम पाल आ0 सुध राम निवासी ग्राम रजौटी तहसील सीतापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 एवं खसरा नंबर 543/66 रकबा 0.048 मेसे रकबा 0.024 हे0 भूमि को अनावेदक क्रमांक 02 श्यामा पाल पति बालसाय चौहान निवासी डी0सी0रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 12,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28/03/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

# क्या खबर नहीं छपती तो जांच भी नहीं शुरू होती...

# किसके दबाव में है कोरिया के सीएमएचओ साहब ?

## कोरिया के सोनहत स्वास्थ्य केंद्र में रिश्वतखोरी का मामला गरमाया,खबर के बाद शुक्रवार को जांच हुई शुरू,बीडीएम पर लगे गंभीर आरोप

## जांच सिर्फ शुरू हुई है या फिर जांच का अंत भी होगा ?

## क्या गौतम परिवार काफी प्रभावशील है की जांच को भी रोका और जांच शुरू होने के बाद जांच का अंत भी रोक सकती है ?




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सुर्खियों में है और यह सुर्खी इस बार भ्रष्टाचार को लेकर नहीं रिश्वतखोरी को लेकर रिश्वतखोरी की प्रमाणित शिकायत के बावजूद जांच टीम गठित न होना और जांच में हिल हलवा करना जैसी चीज देखने को मिली, खबर प्रकाशन के बाद जांच टीम गठित हुई और खबर प्रकाशन के बाद जा शुरू हुई अब जांच शुरू तो हो चुकी है अंत इसका होगा या फिर इसमें बहुत बड़ा षड्यंत्र होगा? यह भी आने वाला समय बताएगा वैसे षड्यंत्र होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि गौतम परिवार काफी रासुकदार परिवार है जो भाजपा का इस्तेमाल करके बचने का पूरा प्रयास करेगा वैसे सीएमएचओ साहब से भी एक सवाल है क्या खबर नहीं प्रकाशन होती तो जांच नहीं होती? जिले के सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पदस्थ ब्लॉक डाटा मैनेजर की रिश्वतखोरी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को बीडीएम द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों से रिश्वत लेने के आरोपों की जांच शुरू हो चुकी है,जिसमें अब तक 13 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने बयान दर्ज करवा दिए हैं। इन अधिकारियों ने अपने बयान के साथ रिश्वत की गई राशि के बैंक ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट भी प्रस्तुत किए हैं।

ज्ञात हो की सामुदायिक डाटा प्रबंधक जो दूसरे की नौकरी खाने की बात कर रहा था आज जब उसी की घूसखोरी की बात वायरल ऑडियो से जाहिर हो रही है तब क्यों उसके ऊपर कार्यवाही नहीं हो रही है? जो सामुदायिक डाटा प्रबंधक सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ के नाम से रिश्वत की मांग कर रहा था बीएमओ नाम से कर्मचारी को डरा रहा रहा आज उसकी नौकरी खतरे में है, एक स्वास्थ्य विभाग के ही कर्मचारी से रिश्वत की मांग कर उसकी नौकरी खाने की बात कर रहा था आज जब उसका तथाकथित ऑडियो वायरल हुआ है और बात स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य सचिव तक पहुंची है तो देखना है कि अब कितनी जल्द कार्यवाही होती है? बता दें कि मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत के समुदायिक डाटा प्रबंधक से जुड़ा हुआ है जो स्वास्थ्य विभाग में जमकर वसूली कर रहा है और जिसे वसूली का खौफ भी नहीं है। वैसे बता दें कि उक्त सामुदायिक डाटा प्रबंधक के पिता सहित कई अन्य पारिवारिक सदस्य स्वास्थ्य विभाग में ही पदस्थ हैं और वह किसकी कृपा से नौकरी पाते चले गए यह भी जांच का विषय है। आज जब एक कर्मचारी से रिश्वत की बात सामने आई है तब मामला खुल रहा है कि किस तरह स्वास्थ्य विभाग में खुलेआम वसूली का खेल चल रहा है। ऑडियो वायरल करने वाला भी स्वास्थ्य विभाग का ही कर्मचारी है जिसने ऑडियो जारी कर शिकायत करी है और कार्यवाही की मांग की है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर,शुक्रवार 21 मार्च 2025 | 5

तेरी नौकरी चली जाएगी जिस तरह से तेरा परफॉर्मेंस है ना...बीएमओ साहब को अभी तक कुछ नहीं बताया...सिआर जो भरा जाता है ना उसके बेस में तेरा नौकरी कब का चला गया होता:घूसखोर बीडीएम

यह है मामला...

कार्रवाई की मांग तेज

### रिश्वतखोरी की प्रदेश स्तर तक बात पहुंचाने के बाद भी जांच व कार्यवाही कछुए की चाल में क्यों ?

सामुदायिक डाटा प्रबंधक सोनहत की रिश्वतखोरी की बात प्रदेश स्तर तक पहुंच चुकी है लेकिन जांच कछुए की चाल से चल रही है। अब ऐसा क्यों है यह भी सोचने वाली बात है। जब सरकार रिश्वत मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है तो सोनहत के बीडीएम साहब पर क्यों मेहरबानी उन्हें भी तत्काल कार्यवाही की जद में क्यों नहीं ले रहा विभाग।

### सीएमएचओ की भूमिका पर उठे सवाल

इस जांच को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। हैरानी की बात यह है कि सीएमएचओ ने अब उन स्वास्थ्य कर्मियों के बैंक स्टेटमेंट मंगवाए हैं, जिन्होंने रिश्वत दी है, लेकिन जिनके खाते में राशि जमा की गई, उस पर कोई चर्चा नहीं की जा रही। आरोप है कि आरोपी बीडीएम की पत्नी के खाते में रिश्वत की रकम ट्रांसफर की गई,लेकिन उसके बैंक स्टेटमेंट की कोई जांच नहीं हो रही है।

### जांच कमेटी के प्रमुख अधिकारी रहे नदारद

इस मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। जांच कमेटी के अध्यक्ष एसडीएम सोनहत और पटना के बीएमओ जांच के दौरान अनुपस्थित रहे। इससे जांच की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और यह आशंका जताई जा रही है कि पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा सकता है। जांच शुरू होने के पूर्व सभी फरियादियों ने इस पर सवाल उठाए बाद में जांच शुरू हो पाई।

### बीडीएम बेखौफ,सोनहत बीएमओ की भूमिका संदिग्ध

पूरे मामले में आरोपी बीडीएम का रवैया चौंकाने वाला है। सूत्रों के अनुसार, बीडीएम की कॉल रेकॉर्डिंग में साफ नजर आ रहा है कि बीडीएम पूरी आत्मविश्वास के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के इंसेंटिव की राशि में से 65 प्रतिशत अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करवाता रहा। इतना ही नहीं, वह खुलेआम सोनहत के बीएमओ के नाम पर धमकी भी देता था। ऐसे में सोनहत बीएमओ की भूमिका भी संदेह के दायरे में आ गई है।

### सीएमएचओ पर आरोपी को बचाने का

आज हुई जांच में यह साफ नजर आया कि सीएमएचओ किसी भी हाल में आरोपी बीडीएम को बचाने में लगे हैं। उन्होंने एक बार फिर सभी फरियादियों को जांच कमेटी के अध्यक्ष के समक्ष हाजिर होने को कहा है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि मामले को लंबा खींचने और आरोपों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

### क्या होगा अगला कदम ?

इस मामले ने जिले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि क्या जांच कमेटी निष्पक्ष कार्रवाई करेगी या फिर भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश की जाएगी। इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सभी की नजरें जांच के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# सूरजपुर पुलिस का साइबर फ्रॉड गिरोह पर कड़ा प्रहार

## 2 म्यूल खातों से 2,04,981 रूपये का ट्रांजेक्शन,रकम लेकर ठग को खाता का देते थे एक्सेस, म्यूल एकाउन्ट गिरोह को बैंक खाता,एटीएम व सीम उपलब्ध कराने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठगों के नेटवर्क में शामिल 5 आरोपियों को पकड़ा है। ये आरोपी साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही साइबर ठगों को मोबाइल सिम भी उपलब्ध कराते थे। इनके ऐसे 02 बैंक अकाउंट की पहचान की गई है, जिसमें 2 लाख रूपये से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है। आरोपियों के म्यूल बैंक अकाउन्ट नंबरों एवं उनके मोबाईल नंबरों को सीज किया जा चुका है।

भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई फोर सी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल (ज्वाईट साइबर क्राईम कार्डिनेशन टीम मैनेजमेंट इन्फारमेंशन सिस्टम) में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कार्यवाही करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें म्यूल अकाउंट खाता धारक आनंद कुमार साहू निवासी मदनेश्वरपुर थाना रामानुजनगर के बैंक ऑफ महाराष्ट्र व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सूरजपुर के एकाउंड शामील थे। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के शिकायतों का गंभीरता से लेते हुए शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो से कराया। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में यूनियन बैंक सूरजपुर का खाता आनंद कुमार साहू के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 413,420, 120 बी भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस ने पाया कि म्यूल एकाउंट खाता धारक आनंद कुमार साहू के खाते में अलग अलग राज्य से संबंधित सायबर क्राईम में ठगी की गई रकम करीब 2,04,981/- रूपये का लेन-देन किया गया है। प्रकरण में म्यूल बैंक एकाउन्ट संग्रहण कर साइबर अपराध के गिरोह को बैंक एकाउन्ट,एटीएम एवं मोबाईल सीम उपलब्ध कराने वाले सौरभ साहू व अमन साहू तथा बैंक खाता देने वाले आनंद कुमार साहू, विशाल साहू व सूर्या सोनवानी को पकड़ा गया। पूछताछ पर सभी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। मामले में पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और आगे की कार्यवाही जारी है।

### कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे,एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, प्रदीप उपाध्यक्ष,आरक्षक रौशन सिंह,युवराज यादव, विनोद सारथी, रविराज पाण्डेय, संत पैंकरा व कामेश्वर नेताम सक्रिय रहे।

## गौठान से सौर उर्जा पम्प पैनल स्टाटर चोरी सहित 3 अन्य चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 2 को चौकी लटोरी पुलिस ने पकड़ा



सूरजपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

20 मार्च 2025 को ग्राम लटोरी निवासी धनेश्वर राजवाड़े ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम करसु गौठान से सौर उर्जा पम्प का पैनल स्टाटर की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 88/25 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चोरी के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी लटोरी पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए ग्राम करसु गौठान के पास से हेमसागर प्रजापति व एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए पकड़ा दोनों से सोलर प्लेट काटने का कटर एवं सोलर प्लेट के स्टाटर बरामद किया गया। पूछताछ पर दोनों ने करसु के गौठान से चोरी करना बताया तथा अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर दिनांक 08.01.2025 को ग्राम गजाधरपुर निवासी ईश्वर राजवाड़े के खेत में लगे सोलर पंप एवं ग्राम करवां के गांधी पार्क से 04 नग सोलर प्लेट तथा ग्राम सकलपुर थाना भटगांव क्षेत्र के गौठान से 02 नग सोलर प्लेट चोरी करना बताएं तथा ग्राहक ना मिलने से सोलर प्लेट एवं सौर ऊर्जा मोटर पंप को ग्राम संबलपुर चंदौलीडाड में तथा शकलपुर सकरिया में छुपाकर रखना बताया। दोनों के निशानदेही पर 1 नग सौर ऊर्जा मोटर पंप, 6 नग सोलर प्लेट तथा 1 नग स्टार एवं बिजली कटर कीमती 96 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में आरोपी हेमसागर प्रजापति पिता मणिलाल प्रजापति उम्र 18 वर्ष 10 माह निवासी शकलपुर सकरिया थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया वहीं एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, पिंगल मिंज, भीख राम भगत, आरक्षक अंबिका सिंह, सोमनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, अनिल शर्मा, मनोज सिदार व भोला केरकेट्टा सक्रिय रहे।

### अब जानिए क्या है म्यूल एकाउंट

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले ठगी से अर्जित गई रकम अपने बैंक खातों में जमा नहीं कराते, इसके लिए वे दूसरों के बैंक अकाउंट का उपयोग करते हैं। इसके एवज में खातेदार को कुछ रकम दी जाती है। बैंक अकाउंट,डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। ठगी की रकम को खपाने के लिए उनको बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है। इसके लिए म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते है। किसी व्यक्ति को पैसा नौकरी, इनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं।

# सर्वसम्मति से हुआ चयन,पदाधिकारीद्वय प्रदेश में करेंगे कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व

## छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में अजय गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष,शैलेन्द्र शर्मा प्रदेश मंत्री बने





-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,21 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनावी गतिविधियां जारी है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया से सर्वसम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष पद हेतु अजय गुप्ता एवं प्रदेश मंत्री पद हेतु शैलेन्द्र शर्मा को निर्विरोध चुना गया है। कोरिया जिले के सदस्य व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। जिस पर कोरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों, व्यापारियों और इष्टमित्रों में खुशी की लहर है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और व्यापारिक हितों के लिए आगे कार्य करने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि अजय गुप्ता और शैलेन्द्र शर्मा की नियुक्ति छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इनकी नेतृत्व क्षमता और व्यापारिक समझ से न केवल चेंबर की गतिविधियों में वृद्धि होगी, बल्कि यह स्थानीय व्यापारियों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। आने वाले समय में इनकी कार्यशैली और निर्णय लेने की क्षमता से व्यापारिक समुदाय को लाभ होगा, जिससे छत्तीसगढ़ के साथ कोरिया जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इन नियुक्तियों से कोरिया जिले के व्यापारियों में भी उत्साह का माहौल है।

विदित हो कि प्रदेश चेंबर के चुनाव में 27 हजार 480 सदस्यों को मतदान की पात्रता होगी। सदस्यों के द्वारा 1 प्रदेश अध्यक्ष,1 प्रदेश महामंत्री, 1 प्रदेश कोषाध्यक्ष,53 जिला उपाध्यक्ष, 53 जिला मंत्री के कुल 109 पदों के लिए मतदान अथवा निर्विरोध चुने जाएंगे।किए जाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के चुनाव के बाद शेष पदों के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल 2025 से शुरू होगी। इसमें मतदान केन्द्र मनेन्द्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, भिलाई, राजनांदगांव बिलासपुर और रायपुर रहेंगे। रायपुर एवं भिलाई मतदान केन्द्र में दो चरणों में मतदान होगा। 22 दिनों के बाद सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना मंगलवार, 6 मई 2025 को रायपुर में होगी।

### जानिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का इतिहास

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का गठन 19 अप्रैल 1959 में हुआ था। उस समय इसका नाम रायपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज था। 1980 की शुरुआत में इसका नाम बदलकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर दिया गया। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ के नए राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज राज्य स्तरीय चैंबर बन गया है। इसने अपने 50 साल से ज्यादा के गौरवशाली सफर को पूरा कर लिया है और 9400 वर्ग फीट में अपना भवन बनवा लिया है। इसके पास एक कार्यालय है जिसमें बुनियादी ढांचा है और अब यह राज्य स्तरीय चैंबर के रूप में अपना कार्य कर रहा है।

## एमसीए ने दिलीप वेंगसरकर,डायना एडुल्जी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया



**मुंबई,21 मार्च 2025।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने गुरुवार को दिग्गज क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी को खेल में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। वेंगसरकर और एडुल्जी ने न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासकों के रूप में भी मुंबई और भारतीय क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें मुंबई के बीकेसी में शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी और मनोरंजन केंद्र में आयोजित एक शानदार वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया, जहां एमसीए ने शहर की क्रिकेट एक्सीलेंस का जश्न मनाया और 2022-23 और 2023-24 सत्रों के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन और महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार के साथ-साथ एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक और शीर्ष परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए। 1983 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, वेंगसरकर ने 10 टेस्ट और 18 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और बाद में एमसीए के उपाध्यक्ष और बीसीसीआई की चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

# कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच भिड़ंत आज




**» विराट कोहली के पास ऐतिहासिक कीर्तिमान बनाने का मौका...**

**» ऐसा करने वाले बन सकते हैं पहले भारतीय**

नई दिल्ली,21 मार्च 2025। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के पहले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच 22 मार्च को भिड़ंत देखने को मिलेगी। सभी फैंस विराट कोहली की बल्लेबाजी इस मुकाबले में देखने के लिए काफी बेताब हैं क्योंकि साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के विजेता बनने के बाद कोहली ने इस फॉर्मेट को इंटरनेशनल क्रिकेट में अलविदा कह दिया था। इसके बाद अब कोहली आईपीएल में इस फॉर्मेट में खेलते हुए दिखाई देंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विराट कोहली का फॉर्म काफी शानदार देखने को मिला था, जिसके बाद अब आईपीएल में भी कोहली से उसी फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद है। वहीं कोहली के पास अपने टी20 करियर में एक बड़ा कारनामा करने का भी मौका है।

### 13000 रनों के आंकड़े से कोहली सिर्फ 114 रन दूर

विराट कोहली ने अब तक अपने टी20 करियर में कुल 399 मैच खेलने के साथ 41.43 के औसत से 12,886 रन बनाए हैं, जिसमें उनके पास आईपीएल 2025 में एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम करने का मौका है। कोहली 114 रन बनाते ही टी20 क्रिकेट में अपने 13000 रन पूरे कर लेंगे, जिसके बाद वह इस आंकड़े तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बन जाएंगे। टी20 क्रिकेट में यदि सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को देखा जाए तो उसमें वेस्टइंडीज टीम के पूर्व खिलाड़ी क्रिस गेल का नाम पहले नंबर पर है, जिन्होंने 463 मैचों में 14562 रन बनाए हैं। अभी तक टी20 क्रिकेट में सिर्फ चार बल्लेबाज ही 13000 या उससे अधिक रन बनाने में कामयाब हुए हैं।

### टी 20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 14562 रन
एलेक्स हेल्स - 13610 रन
कायरन पोलार्ड - 13537 रन
शोएब मलिक - 13535 रन
डेविड वॉर्नर - 12913 रन
विराट कोहली - 12886 रन

### केकेआर के खिलाफ जमकर बोलता है कोहली का बल्ला

आईपीएल 2025 में आरसीबी की टीम अपना पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलने उतरेगी, जिसमें विराट कोहली का उनके खिलाफ रिकॉर्ड अब तक काफी शानदार देखने को मिला है। कोहली ने केकेआर के खिलाफ 34 मैचों में 38.48 के औसत से कुल 962 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से एक शतकीय और 6 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली है।

# आईपीएल 2025 का बदला गया शेड्यूल

### कब, कहा और किनके बीच में होगा मैच,फाइनल मैच की तारीख भी आई सामने

**नई दिल्ली,21 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 का नया शेड्यूल जारी हो गया है, जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशी की बात है। भारतीय प्रीमियर लीग का यह 18वां संस्करण 22 मार्च 2025 से शुरू होगा और इसका फाइनल 25 मई 2025 को खेला जाएगा। इस बार कुल 74 मैच खेले जाएंगे, जिसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई ने इस बार के टूर्नामेंट के लिए कई नई विशेषताएं और रोमांचक मुकाबलों की योजना बनाई है।

वहीं, इस लीग के एक मैच का शेड्यूल बदलना पड़ा है। केकेआर और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच 6 अप्रैल को होने वाले मैच का वेन्यू बदल गया है। ये मुकाबला पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था लेकिन अब ये मुकाबला गुवाहाटी में होगा।

आईपीएल का यह सीजन पहले की तरह ही दो समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक टीम को अपने समूह की अन्य टीमों के साथ दो बार और दूसरे समूह की एक टीम के साथ दो बार मुकाबला करना होगा। इस लेख में हम आईपीएल 2025 के शेड्यूल,




टीमों की जानकारी, और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों पर चर्चा करेंगे।

### आईपीएल 2025 का शेड्यूल

22 मार्च कोलकाता नाइट राइडर्स - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शाम 7:30 कोलकाता
23 मार्च सनराइजर्स हैदराबाद-राजस्थान रॉयल्स दोपहर 3:30 हैदराबाद।
23 मार्च चेन्नई सुपर किंग्स-मुंबई इंडियंस शाम 7:30 चेन्नई।
24 मार्च दिल्ली कैपिटल्स -लखनऊ सुपर जायंट्स शाम 7:30 विशाखापत्तनम।
25 मार्च गुजरात टाइटन्स-पंजाब किंग्स शाम 7:30 अहमदाबाद।
26 मार्च राजस्थान रॉयल्स-कोलकाता नाइट राइडर्स शाम 7:30 गुवाहाटी।
27 मार्च सनराइजर्स हैदराबाद-लखनऊ सुपर जायंट्स शाम 7:30 हैदराबाद।
28 मार्च चेन्नई सुपर किंग्स-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शाम 7:30 चेन्नई।
29 मार्च गुजरात टाइटन्स -मुंबई इंडियंस शाम 7:30 अहमदाबाद।
30 मार्च दिल्ली कैपिटल्स-सनराइजर्स हैदराबाद दोपहर 3:30 विशाखापत्तनम।
30 मार्च राजस्थान रॉयल्स-चेन्नई सुपर किंग्स शाम 7:30 गुवाहाटी।
31 मार्च मुंबई इंडियंस-कोलकाता नाइट राइडर्स शाम 7:30 मुंबई।
1 अप्रैल लखनऊ सुपर जायंट्स-पंजाब किंग्स शाम 7:30 लखनऊ।
2 अप्रैल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-गुजरात टाइटन्स शाम 7:30बेंगलुरु।
3 अप्रैल कोलकाता नाइट राइडर्स - सनराइजर्स हैदराबाद शाम 7:30 कोलकाता
4 अप्रैल लखनऊ सुपर जायंट्स-मुंबई इंडियंस शाम 7:30 लखनऊ
5 अप्रैल चेन्नई सुपर किंग्स -दिल्ली कैपिटल्स दोपहर 3:30 चेन्नई
5 अप्रैल पंजाब किंग्स-राजस्थान रॉयल्स शाम 7:30 नया चंडीगढ़
6 अप्रैल कोलकाता नाइट राइडर्स- लखनऊ सुपर जायंट्स दोपहर 3:30 गुवाहाटी
6 अप्रैल सनराइजर्स हैदराबाद-गुजरात टाइटन्स शाम 7:30 हैदराबाद
7 अप्रैल मुंबई इंडियंस - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शाम 7:30 मुंबई
8 अप्रैल पंजाब किंग्स-चेन्नई सुपर किंग्स शाम 7:30 नया चंडीगढ़
9 अप्रैल गुजरात टाइटन्स -राजस्थान रॉयल्स शाम 7:30 अहमदाबाद
10 अप्रैल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - दिल्ली कैपिटल्स शाम 7:30 बेंगलुरु
11 अप्रैल चेन्नई सुपर किंग्स -कोलकाता नाइट राइडर्स शाम 7:30 चेन्नई
12 अप्रैल लखनऊ सुपर जायंट्स - गुजरात टाइटन्स दोपहर 3:30 लखनऊ
12 अप्रैल सनराइजर्स हैदराबाद-पंजाब किंग्स शाम 7:30 हैदराबाद
13 अप्रैल राजस्थान रॉयल्स-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुदोपहर 3:30 जयपुर
13 अप्रैल दिल्ली कैपिटल्स-मुंबई इंडियंस शाम 7:30दिल्ली
14 अप्रैल लखनऊ सुपर जायंट्स - चेन्नई सुपर किंग्स शाम 7:30 लखनऊ
15 अप्रैल पंजाब किंग्स -कोलकाता नाइट राइडर्स शाम 7:30नया चंडीगढ़
16 अप्रैल दिल्ली कैपिटल्स-राजस्थान रॉयल्स शाम 7:30दिल्ली
17 अप्रैल मुंबई इंडियंस -सनराइजर्स हैदराबाद शाम 7:30 मुंबई
18 अप्रैल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-पंजाब किंग्स शाम 7:30 बेंगलुरु
19 अप्रैलगुजरात टाइटन्स -दिल्ली कैपिटल्स दोपहर 3:30अहमदाबाद
19 अप्रैल राजस्थान रॉयल्स-लखनऊ सुपर जायंट्स शाम 7:30जयपुर

## युवा क्रिकेटरों के लिए एक नई उम्मीद

**नई दिल्ली,21 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 की शुरुआत के साथ ही क्रिकेट की दुनिया में एक नया रोमांच शुरू होने वाला है। इस बार युवा प्रतिभाओं के लिए यह सीजन विशेष है, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद उन्हें अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिला है। यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह और पूर्व क्रिकेटर सरनदीप सिंह ने इस आईपीएल को लेकर बातचीत की।



ज्वाला सिंह ने कहा कि इस आईपीएल में युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है, जो मेगा ऑक्शन के बाद पहला आईपीएल है, और इन शुरुआती मैचों में टीमों और खिलाड़ियों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होंगे। उनका मानना है कि टीम का संयोजन मैदान पर मैच खेलने के बाद ही सही रूप में सामने आएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आईपीएल के दौरान खिलाड़ियों के अच्छे और बुरे पल होते हैं, जैसे यशस्वी के चयन के समय और उनकी चोटें। लेकिन हर चुनौती से उबरने के बाद जो खुशी होती है, वह अभूतपूर्व होती है। उन्होंने जोस बटलर के राजस्थान रॉयल्स द्वारा रिटेन न किए जाने पर भी आश्चर्य जताया, क्योंकि वह टीम के मुख्य सदस्य थे। ज्वाला सिंह ने इस आईपीएल सीजन में गेंदबाजों के लिए दो नई गेंदों के इस्तेमाल और सलाइवा के उपयोग को लेकर समर्थन किया, क्योंकि इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और बल्लेबाजों के लिए भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां बनेंगी।

# आलिया भट्ट मेरी दूसरी पत्नी हैं

### रणबीर कपूर ने खोला अपनी पहली शादी का राज, खुद बताई सच्चाई

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट फिल्मी दुनिया के सबसे चहेते कपल्स में से एक हैं। रणबीर और आलिया भट्ट ने 2022 में शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म ब्रह्मास्त्र-पार्ट वन शिवा भी दी थी। इस फिल्म में रणबीर और आलिया ने ऑनस्क्रीन रोमांस किया था। अब रणबीर कपूर ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिसमें रणबीर ने बताया कि आलिया भट्ट उनकी दूसरी पत्नी है। आलिया से पहले ही उनकी एक बार शादी हो चुकी है। हालांकि रणबीर ने ये भी बताया कि वे पहली पत्नी से अभी तक मिले नहीं हैं लेकिन जल्द ही मिलना चाहते हैं।



### दूसरी शादी को लेकर किया रणबीर ने खुलासा

हाल ही में मेशेबल इंडिया को दिए इंटरव्यू में रणबीर ने खुद इसका खुलासा किया है और बताया कि आलिया भट्ट उनकी दूसरी पत्नी हैं। रणबीर ने बताया, मैं इसे पागलपन नहीं कहूंगा, लेकिन ये काफी पहले की बात है। जब मैं अपने करियर के शुरुआती दौर में था तभी एक लड़की मेरे घर आई थी। इतना ही लड़की अपने साथ पंडित और शादी का सामान भी लाई थी। लड़की ने मेरे घर के बाहर की गेट पर मेरे से शादी कर ली। हालांकि मैं तब घर पर नहीं था। मैं बाहर गया था और जब मैं लौटा तो गार्ड ने मुझे ये पूरा किस्सा बताया। मैंने भी घर के गेट पर देखा कि टीका लगा है और फूल बिखरे पड़े हैं। तो इस हिसाब से वही लड़की मेरी पहली पत्नी है। हालांकि मैं कभी उससे मिला नहीं हूं लेकिन जल्द ही मिलना चाहता हूं। इस हिसाब से आलिया भट्ट मेरी दूसरी पत्नी हुई।

### शादी के 6 महीने बाद ही हो गई थी बेटी

रणबीर और आलिया भट्ट वैसे तो फिल्म इंडस्ट्री में कई साल तक साथ में काम करते रहे और दोस्त भी रहे। लेकिन ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान रणबीर और आलिया के बीच दोस्ती गहराई और दोनों प्यार करने लगे। दोनों कुछ समय तक रिलेशनशिप में रहे और बाद में 2022 में शादी कर ली। शादी के 6 महीने बाद ही दोनों की बेटी राशा थडानी हो गई थी। राशा भी दोनों के लिए गुडलक लेकर आई थी और दोनों की फिल्म ब्रह्मास्त्र भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब रणबीर और आलिया दोनों फिल्मी दुनिया के सुपरहिट कपल हैं।

### दोनों फिर स्क्रीन पर करेंगे रोमांस

बता दें कि ब्रह्मास्त्र के सुपरहिट होने के बाद आलिया और रणबीर की जोड़ी को एक बार फिर से पर्दे पर देखने को मिलने वाला है। ये दोनों स्टार संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। साथ ही इस फिल्म में दोनों के साथ विक्की कौशल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। रणबीर कपूर इससे पहले एनिमल में नजर आए थे। वहीं आलिया भट्ट ने जिगरा में काम किया था। अब दोनों एक साथ पर्दे पर रोमांस करते दिखने वाले हैं।



### अमिताभ बच्चन ने अभिषेक पर क्यों कही ये बड़ी बात?

अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के इकलौते ऐसे मेगास्टार हैं जिनका स्टारडम 82 साल में भी बिल्कुल जस का तस बना हुआ है। अमिताभ बच्चन ने 70 के दशक से बॉलीवुड पर राज किया है और उनका जलवा बरकरार है। अमिताभ बच्चन के स्टारडम के आगे तो उनके बेटे अभिषेक बच्चन का स्टारडम भी फीका पड़ता है। इसको लेकर अमिताभ बच्चन कई बार खुलकर बात भी कर चुके हैं। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने एक चौंकाने वाला पोस्ट किया है। जिसमें अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन को टैग करते हुए लिखा, मेरे बेटे, बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे, पूज्य बाबूजी के शब्द और अभिषेक उसे निभा रहे हैं, एक नयी शुरुआत।

# मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे

### यूरोप में क्रिकेट का बुखार जगाएंगे अभिषेक बच्चन

हाल ही में अभिषेक बच्चन ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग के प्रमोशन के लिए उन्हें चुना गया है। अभिषेक बच्चन इस टूर्नामेंट को प्रमोट करने के लिए आयरलैंड की राजधानी डबलिन भी पहुंचे थे। यहां अभिषे बच्चन का ग्रांड वेलकम हुआ था। इसी को लेकर अभिषेक बच्चन ने पोस्ट किया था। जिसके जवाब में अमिताभ बच्चन ने इस बात को कहा है। अमिताभ बच्चन ने अभिषेक के इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए अपने पिताजी हरिवंश राय बच्चन की कुछ पंक्तियों को कोट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मेरे बेटे मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे और जो उत्तराधिकारी होंगे वे मेरे बेटे नहीं होंगे।

### पोस्ट देखकर चौंक गए फैन्स

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और लगभग रोजाना पोस्ट शेयर करते रहते हैं। हाल ही में अपनी लेगेसी को लेकर किए पोस्ट को देखकर फैन्स भी चौंक गए थे। हालांकि लोगों ने जब पिता का कोट पढ़ा तो बात समझ आई। वहीं अभिषेक बच्चन भी अब क्रिकेट को प्रमोट करने में जुट गए हैं। अभिषेक ने यूरोप में होने वाली टी-20 प्रीमियर लीग को प्रमोट कर रहे हैं। इसके चलते ही अभिषेक यूरोप में पहुंचे हैं। ये टूर्नामेंट 15 जुलाई से शुरू होगा और 3 अगस्त तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में दुनियाभर के क्रिकेटर्स हिस्सा लेने वाले हैं। भारत का भी इस टूर्नामेंट में अहम हिस्सा होगा। अब देखना होगा कि इस लोग को आईपीएल की तरह ही पॉपुलरिटी मिलती है या नहीं।



## 4 बार सगाई,क्रिकेटर के प्यार में दीवानी थी खूबसूरत हसीना,फिर तलाक ने किया तबाह

बॉलीवुड में अपनी अलग छाप छोड़ने की सोच के साथ सितारे फिल्मों में आते हैं। पूरी कोशिश होती है कि पहली ही फिल्म से पहचान बनाने के अपने कदम जमा लें और इसी के साथ ही अपनी जगह भी इंडस्ट्री में पक्की कर लें, लेकिन ऐसा कर पाना जरा भी आसान नहीं होता। इस सोच को सच बना पाने में चंद सितारे ही सफल होते हैं, ज्यादातर या तो गुमनामी के अंधेरे में खो जाते हैं या फिर साइड किरदार निभाते हुए स्ट्रगलिंग एक्टर बन जाते हैं। कई साल पहले शाहरुख खान की एक ब्लॉकबस्टर फिल्म मोहब्बतें रिलीज हुई थी। इस फिल्म से कई नए एक्टर्स ने डेब्यू किया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई और हर डेब्यू करने वाले एक्टर को लोगों ने अपना प्यार दिया। इस फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक अभिनेत्री ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

ये एक्ट्रेस लोगों को इस कदर पसंद आई कि इन्हें राइसिंग एक्ट्रेस का टैग मिल गया। ये कोई और नहीं बल्कि संजू पॉल की भूमिका निभाने वाली किम शर्मा हैं। जुगल हंसराज के साथ इनकी केमिस्ट्री हिट रही। क्यूटनेस और आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति दर्शकों को भा गई थी। इस फिल्म की सफलता के बाद एक्ट्रेस को धड़ाधड़ फिल्में मिलने लगी। तुम से अच्छा कौन है, यकीन, फ़िदा और टॉम, डिक और हैरी जैसी कुछ फिल्मों में काम करके वो फैशन ट्रेंड सेटर भी बन गई, लेकिन मोहब्बतें के बाद एक भी फिल्म ऐसी नहीं रही जो उनकी डूबती किस्मत को बचा सके। एक के बाद एक फ्लॉप फिल्मों में नजर आने के बाद उनका करियर डूबने लगा। अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा किम शर्मा ने पर्सनल लाइफ के जरिए सुर्खियां बटोरीं। वो हमेशा ही अपने अफेयर्स को लेकर सुर्खियों में रहीं। उनकी फिल्में भले ही फ्लॉप रहीं, लेकिन उनकी ऑफ स्क्रीन लव स्टोरीज पेज 3 हिट कहानियां बन गईं। साल 2003 में किम ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को डेट करना शुरू किया। उनका रिश्ता चार साल तक चला। हालांकि दोनों अलग हो गए। दोनों को अक्सर एक साथ पार्टीज और क्लब्स में स्पॉट किया जाने लगा था। फिलहाल उन दिनों युवराज का करियर खुमार पर था और किम के हाथ फिल्में नहीं लग रही थीं। इसी बीच दोनों ने बिना शोर-शराबे के अलग होने का फैसला किया। ब्रेकअप के बाद जहां युवराज सिंह का नाम दीपिका पादुकोण से जुड़ा तो वहीं किम शर्मा भी अलग राह पर चल पड़ीं। एक्ट्रेस ने चार बार घर बसाने की कोशिश में सगाई की,लेकिन सभी टूट गईं।

# नए विधायकों को जमीन आवंटन का मुद्दा गरमाया

## राजस्व मंत्री ने नवा रायपुर के नकटी गांव का किया जिक्र

**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के सत्रहवें और अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान राजधानी में नए विधायकों को जमीन आवंटन का मुद्दा उठा। विधायक धर्मजीत सिंह और राजेश मूणत ने इस विषय पर सवाल किए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि जमीन चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है और नवा रायपुर के नकटी गांव में जमीन देने पर विचार किया जा रहा है, हालांकि अभी अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

### राजधानी में विधायकों के आवास का मुद्दा

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि नए विधायकों के लिए राजधानी में आवास की उचित व्यवस्था नहीं है। इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि यह मामला संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के संज्ञान में है और जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजा विवाद

विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजे के आंकड़ों में विसंगति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछली बार सरकार ने 820.783 हेक्टेयर भूमि का आंकड़ा दिया था, लेकिन इस बार अलग-अलग उत्तर दिए गए।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले में कुल 141.23 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की गई है। इस पर विधायक ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले 141.5 हेक्टेयर बताया गया था और उसके बाद अन्य आंकड़े दिए गए, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि 820 हेक्टेयर और 143 हेक्टेयर के बीच इतना बड़ा अंतर क्यों है? इस पर मंत्री ने कहा कि वह इस अंतर की जांच करेंगे।




### बजट सत्र में उत्कृष्ट पत्रकार-विधायकों की घोषणा

**डॉ. राकेश पांडेय,योगेश मिश्रा,विधायक भावना बोहरा और लखेश्वर बघेल सम्मानित**



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों के नामों की घोषणा की। विधानसभा में प्रिंट मीडिया से डॉ. राकेश पांडेय और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से योगेश मिश्रा के नाम की घोषणा हुई है। वहीं, सत्ता पक्ष से पंडरिया विधायक भावना बोहरा और विपक्ष से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नाम का ऐलान किया गया। उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पत्रकार और विधायकों को विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह के साथ सभी विधायकों ने बधाई दी है।

### अध्यक्ष का निर्देश और विपक्ष का विरोध

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यदि उत्तर से असंतुष्ट हैं तो विधायकों को नियमानुसार आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि 820 और 143 हेक्टेयर के बीच इतना बड़ा अंतर संदेह पैदा करता है और इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि यदि इस संबंध में लिखित शिकायत दी जाती है, तो उचित निराकरण किया जाएगा।

### मुआवजा घोटाले का आरोप

विधायक उमेश पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ ऐसी जमीनों पर भी मुआवजा दिया गया है, जो अधिग्रहण से प्रभावित नहीं थीं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से 2 करोड़ रुपये का मुआवजा स्वीकृत किया गया है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर मंत्री ने कहा कि यह मामला 2005 से जुड़ा हुआ है और वह इसकी जांच कराएंगे। उन्होंने कहा कि यदि मुआवजा गलत तरीके से दिया गया है, तो दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### सरकार पर धान घोटाले का आरोप

**विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव नामंजूर, सदन से वॉकआउट**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को विपक्ष ने उत्पादन से अधिक धान खरीदी पर स्थगन प्रस्ताव लाया। साथ ही सरकार पर लगभग 13 हजार करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगाते हुए, सदन का काम रोककर चर्चा की मांग की। स्थगन प्रस्ताव नामंजूर होने पर विपक्ष ने वॉकआउट किया। स्थगन प्रस्ताव की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा- किसानों की मेहनत में अफसर धूल झोंक रहे हैं। लगभग 13 हजार करोड़ का धान खरीदी में घोटाला हुआ है। उत्पादन से 36त्न से अधिक खरीदी हो रही है। उमेश पटेल ने कहा- धान खरीदी छोटा- मोटा मामला नहीं है, सदन का काम रोककर इस पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

# सिम्स में गलत इंजेक्शन से गर्भपात का मामला

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर से मांगा विस्तृत जवाब

### अस्पताल प्रबंधन की सफाई...गलत इंजेक्शन नहीं लगाया गया...

**बिलासपुर,21मार्च 2025(ए)।** न्यायधानी के सिम्स अस्पताल में पिछले दिनों एक गर्भवती महिला के गर्भपात का मामला प्रकाश में आया था। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान सिम्स द्वारा कराई गई जांच हाईकोर्ट में पेश की गई। वहीं कोर्ट ने कलेक्टर से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट देने कहा है। कोर्ट ने सवाल उठाया है कि इलाज में इतनी लापरवाही कैसे बरती जा रही है?



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सिम्स अस्पताल की बदहाली को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान गर्भवती महिला के गर्भपात के मामले को भी कोर्ट ने गंभीरता से लिया।

अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश पर गठित डॉक्टरों की टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट में कहा गया कि इलाज के दौरान प्रोटोकॉल का पालन किया गया और महिला को कोई दवा या इंजेक्शन नहीं दिया गया।

इस पर कोर्ट ने कलेक्टर से जवाब मांगा कि आखिर इस तरह की लापरवाही कैसे हो रही है? मरीजों को उचित उपचार क्यों नहीं मिल रहा है? अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी, जिसमें कलेक्टर को जांच रिपोर्ट पर उठाए गए कदमों की जानकारी देनी होगी।बता दें कि सिम्स में दाखिल कराई गई गर्भवती महिला गिरजा साहू के परिजनों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगाने के कारण पांच महीने का गर्भ समाप्त हो गया।सिम्स प्रशासन ने इस मामले की जांच के लिए डॉक्टरों की एक टीम गठित की, जिसमें डॉ. नीरज शेंडे, डॉ. अमित ठाकुर, डॉ. श्वेता कुजूर और गायत्री सहायक नर्सिंग अधीक्षिका को शामिल किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्पताल में गर्भपात कराने वाला कोई भी इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है।परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से गर्भपात हुआ है, जबकि जांच रिपोर्ट में अस्पताल प्रबंधन ने खुद को क्लीन चिट दी है।



# राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति परीक्षा में घोटाला

### » ईओडब्ल्यू-एसीबी से जांच की सिफारिश

**रायपुर,21 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा में बड़ा घोटाला सामने आया है। शुरुआती जांच में परीक्षा में अनियमितताएं मिलने के बाद मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमेटी की रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है, जिसके बाद अब इस पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यू और एसीबी को सौंपने की सिफारिश की गई है। भर्ती परीक्षा का आयोजन 90 रिक्त पदों को भरने के लिए किया गया था।

परीक्षा प्रक्रिया को लेकर शिकायत मिलने के बाद सरकार ने जांच कराई,जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार, चयनित 22 अभ्यर्थियों को एक ही केंद्र में बिठाकर परीक्षा दिलाई गई और फिर उनका चयन कर लिया गया। हर स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई।

### मामले को ईओडब्ल्यू-एसीबी को सौंपने की सिफारिश

जांच रिपोर्ट के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने इस मामले को मुख्य तकनीकी परीक्षक और ईओडब्ल्यू-एसीबी को सौंपने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले की जांच तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से कराई जानी चाहिए ताकि दोषियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जा सके।

### ईओडब्ल्यू ने दर्ज कर ली है प्राथमिकी

इस मामले की तकनिकी विशेषज्ञों से जांच की अनुशंसा के बाद जीएडी ने ईओडब्ल्यू-एसीबी को मामले की जांच संबंधी पत्र जारी कर दिया है और ईओडब्ल्यू ने भी प्रारंभिक जांच के बाद इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कर ली है। जल्द ही इस मामले में एफ आईआर और अपराध दर्ज करने की औपचारिकता पूरी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# नक्सल मुक्त होने वाले गांवों को एक करोड़ रुपए देगी सरकार

### » इनाम की राशि भी होगी दोगुनी
### » गृहमंत्री ने किया बड़ा ऐलान

**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ से एक बड़ी खबर है। यहां सरकार ने प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए एक और कदम उठाया है जो गांव नक्सल मुक्त हो जाएंगे वहां विकास के लिए सरकार एक करोड़ रुपए देगी। इतना ही नहीं सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए इनाम की राशि भी डबल होगी।



शुक्रवार को डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इसकी घोषणा भी कर दी है।

### एलवद पंचायत अभियान के तहत सरेंडर

छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। हर बार नए फैसले लिए जा रहे हैं। इस बार सरकार ने भी नक्सल अभियान के तहत एक बड़ा फैसला लिया है। शुक्रवार को राजधानी रायपुर में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि पंचायत विभाग एलवद पंचायत अभियान के तहत ग्राम पंचायत खुद लोगों से सरेंडर कराएंगे। जो गांव नक्सल मुक्त हो जाएंगे उसे नक्सल मुक्त गांवों का सर्टिफिकेट देंगे, इतना ही नहीं यहां विकास के लिए एक करोड़ की राशि भी सरकार देगी।

### छत्तीसगढ़ में दो दिनों तक बारिश,अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना

**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक एच.पी. चंद्रा के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश,गरज-चमक,अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी इस बदलाव को और तेज कर सकती है।आगामी दिनों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# कवासी लखमा ने ईओडब्ल्यू टीम से कहा...पढ़ा लिखा नहीं हूं

**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** 2,100 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में रायपुर जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने पैसा लेने के आरोपों को खारिज किया है। लखमा ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारियों को खुद के पढ़े-लिखे नहीं होने की बात कह कर घोटाले में संलिप्तता से बचने का दांव खेल रहे हैं। लखमा पूछताछ में कहते हैं कि आबकारी अफसर उन्हें फाइल पढ़कर सुनाते थे और उनके कहने पर वे फाइलों में हस्ताक्षर करते थे। इसके साथ ही लखमा पूर्व में ईडी को दिए गए बयान को भी बार-बार दोहराकर बचने की कोशिश कर रहे है।



# नक्सलियों ने छिपाया था लाखों रुपए और विस्फोटक



### पुलिस ने बरामद कर दिया बड़ा झटका

**गरियाबंद,21 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों की काली कमाई का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में मैनपुर थाना क्षेत्र के पंडरीपानी इलाके से 8 लाख रुपये नगद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस ऑपरेशन में पहली बार महिला पुलिस बल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई, जो नक्सल मोर्चे पर महिला शक्ति की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है।

### महिला पुलिस बनी एक्शन हीरो

अब तक नक्सल विरोधी अभियानों में पुरुष जवानों की मौजूदगी आम बात थी, लेकिन इस बार गरियाबंद पुलिस ने महिला अधिकारियों को भी इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन का हिस्सा बनाया. डीएसपी गरिमा दादर के नेतृत्व में एसटीएफ, कोबरा कमांडो, सीआरपीएफ और ई-30 ऑप्स टीम के साथ महिला पुलिस कर्मियों ने भी जंगल में घातक मिशन को अंजाम दिया।

### जंगल में दफन था नक्सली खजाना

सूचना मिली थी कि पंडरीपानी के पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों ने भारी मात्रा में नगदी और विस्फोटक छिपा रखा है. 20 मार्च को सुरक्षा बलों की टीमों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और करीब 11 बजे जंगल में संदिग्ध जगह की खुदाई करने पर एक स्टील डिब्बे में 8 लाख रुपये, 13 जिलेटिन स्टिक और नक्सली बैनर, डायरी व अन्य दस्तावेज बरामद किए।

### बीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान में 18 माओवादी ढेर

### बड़ी मात्रा में हथियार बरामद

**बीजापुर,21मार्च 2025(ए)।** पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि पश्चिम बस्तर डिवीजन के Coy w , Platoon no vx और दरभा डिविज़न के स श ा स्त्र ा माओवादियों के दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी क्षेत्र में उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में बीजापुर DRG/Bastar Fighters/STF/DRG सुकमा, CoBRA और CRPF की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, पीड़िया, अंडरी की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान दिनांक 20/03/2025 के प्रातः लगभग 07:00 बजे थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगल में DRG/Bastar Fighters/STF की संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम तक रूक-रूक कर चलती रही।



मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 14 महिला एवं 12 पुरूष कुल 26 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव हथियार, सामग्री सहित बरामद हुआ। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में AK 47|,स्नाईपर SLR, INSAS rifle, . 30 rifle, नक्सलियों द्वारा निर्मित रॉकेट लांचर, **BGL launcher** हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ

## महत्वपूर्ण खबर

### सीजी पीईटी और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू




**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग और फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री-फार्मेसी टेस्ट का आयोजन 8 मई को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

व्यापमं द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार,पीईटी परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक, जबकि पीपीएचटी परीक्षा शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षाएं राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएंगी. परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे।

### शाहरुख खान के खिलाफ भ्रामक विज्ञापनों पर रायपुर में एफआईआर

**रायपुर,21मार्च 2025(ए)।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्में नहीं, बल्कि भ्रामक विज्ञापनों से जुड़ा एक कानूनी विवाद है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में शाहरुख खान के खिलाफ अधिवक्ता फैजान खान ने एफआईआर दर्ज कराई है। यह मामला विमल पान मसाला, फेयर एंड हैंडसम और रमी जैसे उत्पादों के विज्ञापनों से जुड़ा है, जिन्हें कथित तौर पर भ्रामक बताया गया है। आरोप है कि इन विज्ञापनों के जरिए देश के युवाओं और बच्चों को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है, जिससे कैंसर और गरीबी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इस मामले की सुनवाई अब 29 मार्च 2025 को होगी।




### प्रधान आरक्षक ने धमकी देकर मांगी रिश्वत,त्रस्त किसान ने किया सुसाइड



**बेमेतरा,21 मार्च 2025(ए)।** ग्राम नेवसा निवासी कुमार साहू ने खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस खबर के बाद उग्र गांववाले उसके शव के साथ अस्पताल पहुंचे और पीएम के पहले थाना में धरने पर बैठ गए। युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए साहू समाज के लोगों ने कहा कि उसे प्रताड़ित किया गया। उससे थाना में जांच अधिकारी ने 25 हजार नगदी एवं दो क्विंटल अरहर की मांग की गई। तरह-तरह की धमकी दी गई, जिससे वह यह कदम उठाने मजबूर हुआ।

### होटल में युवक ने लगाई फांसी

**» कमरे से मिले लोन के दस्तावेज**

**» पुलिस जांच में जुटी...**

**रायपुर,21 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में स्थित हरदेव होटल में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कमरा नंबर 203 में एक युवक का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान रायगढ़ निवासी के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने होटल स्टाफ और स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया।



### दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत,6 की हालत नाजुक

**कोरबा,21 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां कटघोरा थाना क्षेत्र के लखनपुर बरभाटा में न्यू वैष्णवी राइस मिल के निर्माणाधीन परिसर में अचानक दीवार ढह जाने से तीन मजदूरों की जान चली गई। इस भयावह घटना में 6 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मलबे में अभी और मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चलाया जा रहा है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)